**आज का मौसम**
हल्की धूप के बीच बादल छाए रहेंगे। हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।
36.5⁰ अधिकतम तापमान | 27.7⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:25 | सूर्यास्त 06:59

## एक नजर

### सीए बनीं आस्था और काव्या

**चित्रकूट।** मुख्यालय निवासी चार्टर्ड अकाउंट सौरभ अग्रवाल की पत्नी आस्था अग्रवाल ने भी सीए बनने में कामयाबी हासिल की है। उसने सफलता का श्रेय पति की प्रेरणा के साथ सास-ससुर को दिया। उधर, मूल रूप से चित्रकूट निवासी और वर्तमान में सतना में रह रहे कमल राजन अग्रवाल की बेटी काव्या अग्रवाल ने भी चार्टर्ड अकाउंट की परीक्षा पास की। काव्या को प्रगतिशील किसान योगेश जैन और अन्य लोगों ने बधाई दी।

### लेखपाल ने दर्ज कराई एफआईआर

**मऊ (चित्रकूट)।** अवैध निर्माण बंद न करने पर लेखपाल ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल गोइया कला कमल किशोर ने बताया कि खोहर गांव में सियाराम और रामसिया निवासी घरवा मजरा खोहर संयुक्त रूप से घर बनवा रहे थे। इसे अवैध पाते हुए राजस्व निरीक्षक बरगढ़, लेखपाल शिवविलास और उसने काम बंद करा दिया था। इसके बाद भी काम जारी रखा गया। समाधान दिवस में भी इस संबंध में शिकायत की गई थी। इस पर नायब तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर काम रुकवाया। इसके बाद भी अब भी आरोपियों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है। उसने आरोपियों पर सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

# ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ शिक्षकों का धरना

## अध्यापक बोले, अव्यवहारिक व असंवेदनशील है यह निर्णय, सरकार वापस ले फैसला, आंदोलन जारी रहेगा

संवाददाता, रामनगर/राजापुर (चित्रकूट)



रामनगर में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

● रामनगर में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी की

**अमृत विचार।** आनलाइन उपस्थिति को लेकर परिषदीय शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को अगुवाई में सभी ब्लाक संसाधन केंद्रों पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्षों की अगुवाई में शिक्षकों ने विद्यालय समय के बाद धरना दिया। इस दौरान इस आदेश पर सहमति-असहमति ली गई। शिक्षकों ने आदेश को अव्यवहारिक और असंवेदनशील बताया।

बीते दिनों से सरकारी विद्यालयों में टैबलेट से शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति देने के आदेश जारी हुए हैं। शिक्षक इसे कई दिक्कतों की वजह से अव्यवहारिक बता रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे तो समय से स्कूल पहुंचते हैं पर इस तरह के नियम लागू करने से पहले व्यवहारिकता भी देखनी चाहिए थी। संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि ब्लाक इकाइयों ने एक साथ शुक्रवार को इसके खिलाफ आवाज बुलंद की। विद्यालय समय के बाद शिक्षकों ने धरना देकर ऑनलाइन उपस्थिति पर अपनी बात रखी। बताया कि लगभग सभी शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति पर अपनी लिखित असहमति दी। जिलाध्यक्ष ने आक्रोश जताया कि इंटर कालेज, केंद्रीय विद्यालयों एवं अन्य विभागों में ऐसी कोई व्यवस्था लागू नहीं है तो क्या सारे नियम बेसिक शिक्षकों पर ही थोपे जाएंगे। उन्हें सीएल, अर्द्ध अवकाश तक दिए जाते हैं लेकिन बेसिक शिक्षकों के लिए कुछ नहीं। ऑनलाइन उपस्थिति के दौरान बेसिक शिक्षक मिड डे मील की व्यवस्था कैसे करेगा, किसी ने सोचा है। ब्लाक रामनगर में ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी, ब्लाक व्यास नारायण त्रिपाठी, पहाड़ी में अध्यक्ष अमित पांडेय, मंत्री अमित यादव, मानिकपुर में अध्यक्ष विनय शुक्ला, मंत्री श्रीपाल, मऊ में वीरभान सिंह और शारदेंदु शुक्ला तथा चित्रकूट बीआरसी में अध्यक्ष देव यादव और मंत्री मनीष शुक्ला की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया।

### 15 जुलाई को बीएसए आफिस पर प्रदर्शन

शिक्षकों के साथ शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर जिला कार्यसमिति को अग्रिम आंदोलनात्मक रणनीति बनाने के लिए अधिकृत किया। पांडेय ने बताया कि तय किया गया कि 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा।

### शिक्षकों को मान लिया है कोल्हू का बैल: अमित पांडेय

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष अमित पांडेय ने



कहा कि शिक्षकों को कोल्हू का बैल मान लिया गया है। पढ़ाई के अलावा सैकड़ों काम कराए जा रहे हैं। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। तानाशाही पूर्ण आदेशों को मनवाने के लिए बल, छल का प्रयोग किया जा रहा है। शिक्षक को समस्याविहीन कीजिए फिर परिणाम लीजिए।

### व्यवहारिक कठिनाई हैं आदेश में: वीरभान

मऊ ब्लॉक अध्यक्ष वीरभान सिंह ने आदेश में व्यवहारिक कठिनाइयां



बताईं। उन्होंने कहा कि विद्यालय जाने के दौरान दुर्भाग्यवश अगर कोई शिक्षक साथी दुर्घटना का शिकार हो गया तो उसे देखकर अन्य शिक्षक अस्पताल ले जाएंगे कि उसे उसी हालत में छोड़ ऑनलाइन उपस्थिति के लिए अपने विद्यालय पहुंचेंगे।

### रोजाना नए प्रयोग से हो रही दिक्कत: शिवभूषण

ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने कहा कि बेसिक शिक्षकों



पर रोजाना एक नया नियम निकालकर प्रयोग किया जाता है। शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए विगत वर्षों से विभाग व शासन को पत्र एवं मांगपत्र भेज रहे हैं पर उनका संज्ञान न लेकर तानाशाही की जा रही है। जब पानी सिर से ऊपर आ गया है तब शिक्षक आंदोलन को मजबूर हुआ।

### कई जगहों पर रास्तों की दिक्कत: विनय

मानिकपुर ब्लाक अध्यक्ष विनय शुक्ला ने बताया कि गांव-देहात



जाने में कई रास्ते खराब हैं। बरसात में हालत और खराब हो जाती है। दुर्गम मार्गों पर मिड डे मील की सामग्री लेकर शिक्षक किसी तरह से पहुंच रहे हैं। इस व्यवस्था के लागू होने से पहले शिक्षकों को अन्य सभी उत्तरदायित्वों से मुक्त करें। शिक्षकों को बलि का बकरा न बनाएं।

### शिक्षकों की गरिमा गिराने का प्रयास: देव

चित्रकूट ब्लाक अध्यक्ष देव यादव ने कहा कि शिक्षक वैसे ही समय पर



पहुंचते रहे हैं। व्यवहारिक दिक्कतों को दूर किए बिना इस तरह के नियम कानून लादना उसकी गरिमा को खराब करने का प्रयास है। अगर व्यवहारिक परेशानियां दूर कर दी जाएं तो कोई परेशानी नहीं। पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा, यही दिक्कत है।


श्रद्धांजलि सभा में बोलते अमित यादव। अमृत विचार

# आंदोलन से लागू हुआ था जमींदारी विनाश अधिनियम

चित्रकूट कार्यालय

● वामपंथियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कैंप कार्यालय में शुक्रवार को 12 जुलाई 1966 के अमर शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने कहा कि इस आंदोलन का असर यह हुआ था कि तत्कालीन सरकार जमींदारी विनाश अधिनियम लागू करने को मजबूर हुई थी।

अमित ने बताया कि इस तारीख को उन महान शहीदों ने नारा दिया था, धन और धरती बंट के रहेगी, भूखी जनता अब न सहेगी। फिर जनता के सैलाब ने बांदा की सड़कों को पाट दिया था। आंदोलन को कुचलने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार के इशारे पर एसपी आगा शाह ने गोली चलवाई, जिसमें सैकड़ों लोग शहीद हो गए थे। आज मंहगाई, बेरोजगारी चरम पर है पूंजीपतियों को और बड़ा पूंजीपति बनाया जा रहा है। शिक्षा का स्तर घटाया जा रहा है। गरीब को पांच किलो राशन में तथा किसान को पांच सौ रुपये में पेट भरने की गलत नीतियों से सरकारें छलने का काम कर रही हैं। सबको आर्थिक मुद्दे पर संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। सीपीएम के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि इस दिन जमींदारों की जुल्म ज्यादतियों के खिलाफ स्वतंत्र देश में बराबरी की पहली लड़ाई लड़ी और जीती गई थी। 12 जुलाई 1966 के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की लहर चली और आम चुनाव में बुंदेलखंड में कम्युनिस्ट पार्टी का परचम लहराने लगा। रोजगार के लिए कताई मिल, बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री, नहरों पर विशेष ध्यान देकर विकास का खाका तैयार किया गया था। अब बुंदेलखंड का पढ़ा लिखा बेरोजगार पलायन करने को मजबूर है। किसान को सस्ती सिंचाई, खाद-बीज, बिजली नहीं उपलब्ध कराई जा रही। फसलों का वाजिब दाम भी नहीं दिया जा रहा। श्रद्धांजलि सभा को जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सत्यहरन यादव, सुशील सिंह, रविकरन, चुनकूराम पाल रहे।

### बदहाली


निर्माण कार्यों को लेकर जिम्मेदारों की जिम्मेदारी को क्या ही कहा जाए। तरौंहा-गोबरिया मार्ग पर मंदाकिनी नदी पर बने इस पुल की हालत सब बयान कर देती है। लोग बताते हैं कि करोड़ों की लागत से बने पुल की एप्रोच रोड मामूली बारिश में धंस गयी। इसको बने ज्यादा समय नहीं हुआ। गौरतलब है कि जब पुल बन रहा था तो सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर काम में अनियमितता के आरोप भी लगाए थे। हालांकि पता चला है कि अभी पुल को हैंडओवर नहीं किया गया है। आवागमन चालू होने से हादसों की आशंका बनी है। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● दो लोगों के खिलाफ दी नामजद तहरीर, जांच शुरू
● कहा, घर से पति को जबरन ले गए थे दोनों

**अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पत्नी ने दो लोगों पर पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। उसका कहना है कि ये उसके पति को जबरन घर से ले गए और मार डाला। उधर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामला राजापुर थानांतर्गत कुसेली गांव का है। यहां की रामदुलारी ने बताया कि 11 जुलाई की दोपहर गांव के दो लोग बाइक से उसके घर आए। इन्होंने उसके पति शिवबोध (42) को मनरेगा के पैसे निकालने के लिए चलने को कहा। रामदुलारी का आरोप है कि उसने मना किया तो दोनों जबरन उसे अपने साथ ले गए। बताया कि अपराह्न लगभग तीन बजे एक आरोपी का पिता घर आया और बताया कि शिवबोध को करंट लग गया और वह सिद्धविनायक अस्पताल में भर्ती है। वह भागी-भागी अस्पताल पहुंची तो वहां पति को मृत अवस्था में पाया। उसने दोनों आरोपियों पर पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोपियों में से एक प्रधान पुत्र है। इस संबंध में राजापुर के प्रभारी थानाध्यक्ष इमरान खान ने बताया कि मृतक की पत्नी रामदुलारी की तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

### शरीर में नहीं थे चोट के निशान

रामदुलारी ने दोनों आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पर उसने तहरीर में यह भी बताया है कि उसके पति के शरीर में किसी प्रकार की चोट खरोंच या किसी प्रकार का निशान नहीं था। उसका कहना है कि दोनों आरोपी भी अस्पताल में नहीं थे। उसका कहना है कि उसके तीन छोटे बच्चे हैं। वह परिवार का भरण पोषण कैसे कर पाएगी। शिवबोध मजदूरी करके बच्चों का पेट पालता था।

### कमासिन रोड पर बेहोश पड़ा था युवक

मृतक के परिवारीजनों के अनुसार, आरोपी उसके पति को बेहोश अवस्था में कमासिन रोड पर नहर किनारे छोड़कर बाजार करने चले गए थे। लौटे तो शिवबोध को वहीं पर पड़ा देख दोनों ने उसे सिद्धिविनायक अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के चिकित्सक अनिल कुमार जायसवाल ने बताया कि वह यहां मृत लाया गया था। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी यह भी बताते हैं कि शिवबोध ने काफी शराब भी पी रखी थी।

### पोस्टमार्टम हाउस में दिया धरना

उधर, पुलिस द्वारा मामले में हीलाहवाली और एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने शव रखकर पोस्टमार्टम हाउस में धरना दे दिया। इस पर पुलिस अधिकारियों ने रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। तब परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने दिया।

# हड्डियों के जटिल रोगों का होगा इलाज, बंटेंगे उपकरण

● 20 से जानकी कुंड अस्पताल में जटिल अस्थि रोग निदान शिविर

**सीतापुर (चित्रकूट)।** जानकीकुंड चिकित्सालय में इस साल भी गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में जटिल अस्थि रोग निदान शिविर लगाया जाएगा। 20 से 23 जुलाई तक हड्डी रोग विशेषज्ञ इलाज करेंगे। इस दौरान उपकरण भी दिए जाएंगे।

यह जानकारी श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा. बीके जैन ने बताया कि डॉ. मनोज पटेल, डॉ. महेश होसामने की टीम मरीजों की जांच करेगी। शिविर में पोलियो से दिव्यांगता, घुटनों का प्रत्यारोपण, रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन आधुनिक विधि द्वारा किया जाएगा। डा. जैन ने बताया कि 1987 में पहला पोलियो मुक्ति शिविर लगाया गया था। देश मार्च 2014 में पोलियो मुक्त देश घोषित हो गया। अब शिविर को जटिल अस्थि रोग निदान शिविर के नाम से लगाया जाता है। लोगों से अपील की कि वे हड्डी संबंधी बीमारी होने पर शिविर में आकर दिखाएं और लाभ उठाएं।

# ट्रक चालक पर कराई एफआईआर

**राजापुर (चित्रकूट)।** मवई मजरा कनैली थाना सराय अकिल (कौशांबी) निवासी गीता सिंह ने राजापुर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि 11 जुलाई को वह मायके देवरथा से पति के साथ बाइक से घर जा रही थी। लूपलाइन चौराहे के आगे जायसवाल ढाबा के सामने एक ट्रक चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक पर टक्कर मार दी। इससे उसके पति रामअभिलाष सिंह की मौके पर मौत हो गई। उसने चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गुहार की है।

# बरगढ़ में दिव्यांग बच्चों के लिए लगा शिविर

बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के प्रमाणपत्र बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाया गया। यहां पूर्व में 55 नामांकन के सापेक्ष 28 छात्र-छात्राओं के दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए थे। शेष 27 में से 20 का नामांकन कर 12 के प्रमाणपत्र बनाए गए। दो बच्चों को हायर सेंटर रिफर किया गया। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि बच्चों का परीक्षण डा. संतोष कुमार के नेतृत्व में डा. रामनरेश राजपूत, अरुण आर्या, नरेंद्र पटेल, रिजवाना और डा. शिवशरन सिंह ने किया। शिविर में खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा, खंड शिक्षाधिकारी केडी पांडेय, जिला समन्वयक संदीप कुमार सिंह, गुड़िया त्रिपाठी, संजय पांडेय, चंद्रकेश, ध्यान सिंह का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप


छात्राओं को जानकारी देते क्रीड़ाधिकारी। अमृत विचार

### बनकर तैयार हुआ बैडमिंटन हाल

**चित्रकूट।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन हाल बनकर तैयार हो गया। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने दी। जीजीआईसी में प्रशिक्षकों के साथ पहुंचे क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि जल्द ही यहां अभ्यास के प्रवेश शुरू होगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम, बास्केटबॉल, टेनिस कोर्ट, टेबल टेनिस हाल, क्रिकेट, एथलेटिक्स की सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्राओं को प्रशिक्षण से होने वाले लाभ, पुरस्कार और रोजगार के संबंध में भी बताया गया।

### पौधरोपण की सेल्फी भी करें अपलोड

**चित्रकूट।** पौधरोपण संबंधी बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि पौधरोपण की सेल्फी मेरी लाइफ ऐप पर अपलोड भी कर सकते हैं। बताया कि वानिकी काम को जन सहभागिता के रूप में चलाए जाने की जरूरत है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि गड्ढों की खुदाई की रिपोर्ट आ गई है। कुल 74,20,520 पौधे रोपे जाने हैं। जनपद के चिह्नित स्थलों पर 948 पौधे विरासत के रूप में लगाए जाएंगे। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को पौधरोपण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

### बच्ची के परिजनों से मिले विधायक

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने शुक्रवार को नैनी निवासी कौशल द्विवेदी की चार वर्षीया बच्ची आन्या को पीजीआई में भर्ती न किए जाने की जानकारी होने पर लखनऊ में परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने बताया कि बच्ची को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। एचओडी से बात हो गई है, जल्द ही उसे बेड मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्ची के इलाज के लिए मदद के लिए जो भी बन पड़ेगा, किया जाएगा, इसके अलावा मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा गया है। गौरतलब है कि आन्या को ब्लड कैंसर है। विधायक ने सभी से मदद करने की अपील भी की।

### गाना बजाने को लेकर हुआ विवाद

**चित्रकूट।** शादी समारोह के दौरान कोतवाली अंतर्गत सोनेपुर में डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर गुरुवार रात बारातियों और डीजे संचालकों के बीच वाद विवाद हो गया। बात हाथापाई तक पहुंच गई। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

लापरवाही | सहूलियत नहीं दिक्कत का सबब बन गया राष्ट्रीय राजमार्ग

# अधबने नाले, टूटी जालियां और ध्वस्त स्ट्रीट लाइट बनी मुसीबत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग प्रयागराज द्वारा कस्बे में बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग 731 ए 731 एजी लोगों की दिक्कत का सबब बना हुआ है। दिसंबर 2023 में काम पूरा होना था पर अभी तक आधा-अधूरा पड़ा है। सड़क पर गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं, नाले आधे अधूरे हैं। और तो और, बरसात से नालों पर लगाई गई जाली भी टूट गई है और इससे स्ट्रीट लाइट भी ठप है। तीन माह से काम भी बंद है।

यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए नगर पंचायत में कर्वी बाईपास से लेकर यमुना सेतु तक राष्ट्रीय राजमार्ग 731ए और 731 एजी बनना है। आरोप हैं कि इस पूरे काम में जब से शुरू हुआ लापरवाही और अनियमितता के अलावा कुछ नहीं हुआ। तुलसी चौक के पास बड़े बड़े गड्ढों से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन विभागीय अधिकारी और ठेकेदार को चिंता नहीं है। बरसात होने से आधे अधूरे नालों का पानी दुकानों-मकानों में घुस रहा है।

नालों के ऊपर लगी जाली भी ध्वस्त है। स्ट्रीट लाइट के खंभे धड़ाम हो चुके हैं। लोगों ने मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की गुणवत्ता की जांच टीएसी टीम से कराई जाए जिससे अगर लापरवाही और अनियमितता हुई है तो दोषियों को सजा मिल सके।




टूटी जालियां और सड़कों पर भरा पानी मुसीबत बन गया। अमृत विचार

### 11 अगस्त से है तुलसी जन्म महोत्सव

लोगों का कहना है कि 11 अगस्त से तुलसी जन्म महोत्सव भी शुरू हो जाएगा। इसमें दूरदराज से श्रद्धालुओं का आना होता है। ऐसी अव्यवस्थाओं से लोगों को दिक्कत होगी।

### नपं अध्यक्ष और अन्य ने जताई नाराजगी


संजीव मिश्रा।


अमित मिश्रा।


सतीश चंद्र।


हर प्रसाद मिश्रा।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, समाजसेवियों अमित मिश्रा उर्फ दीपू, पूर्व सभासद सतीश चंद्र मिश्रा, हरप्रकाश मिश्रा आदि ने काम को लेकर नाराजगी जताई है। इन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 तक कार्य कराने के आदेश के बाद भी ऐसा किया जा रहा है।

# शिक्षकों-शिक्षामित्रों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

## ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज, दिया धरना, 15 को देंगे बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन



बड़ोखर ब्लाक में धरने को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

शुक्रवार को बीआरसी जसपुरा में शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुए डिजिटल उपस्थिति का विरोध जताया। कहा शिक्षक स्कूल पहुंचकर बाखूबी अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। सरकार को इसकी भी जानकारी लेनी चाहिए। शिक्षकों की लंबे समय से लंबित पड़ी समस्याओं का समाधान करने के बजाए प्रदेश सरकार शिक्षक वर्ग को बदनाम करने की साजिश रच रही है। शिक्षकों ने हाफ डे, आकस्मिक-डे, 14 आकस्मिक की जगह 24 आकस्मिक, एरियरों के भुगतान की मांग की। ब्लाक अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि पूरा संगठन शिक्षकों की परेशानी को समझता है। इस मौके पर चंद्रमाहन साहू, छोटे बाबू प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, रमाकांत दीक्षित, मंदाकिनी, रंजना द्विवेदी, संध्या सिंह, रामचंद्र शिवहरे, आशुतोष शिवहरे, हीरालाल, विजय बहादुर, सौरभ, राजेश राजपूत समेत तमाम शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।




कमासिन में नारेबाजी करते प्राथमिक शिक्षक। अमृत विचार

### कमासिन बीआरसी में शिक्षकों ने दिया धरना

कमासिन कस्बा स्थित बीआरसी में प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष आशुतोष गौतम व मंत्री अमित विश्ववर्मा की अगुवाई में शिक्षकों ने धरना देकर आनलाइन उपस्थिति का कड़ा विरोध किया। संघ द्वारा शिक्षकों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए शासन को पत्र भेजा। मांग पत्र में पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की तरह 31 उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, चिकित्सा सुविधा, पदोन्नति सहित कई मांगे शामिल हैं। अध्यक्ष ने डिजिटल हाजिरी का विरोध जारी रखने का ऐलान किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामराज यादव, कोषाध्यक्ष अवधेश प्रजापति, संयुक्त मंत्री पंकज वर्मा समेत शिक्षक दिनेश यादव, प्रदीप बाथम, अवधेश कुमार सहित तमाम टीचर्स उपस्थित रहे।

### नरैनी में भी शिक्षकों ने किया आदेश का बहिष्कार

नरैनी कस्बा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में शुक्रवार को एक हजार शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लाक अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व मंत्री सुनील वर्मा के नेतृत्व में ऑनलाइन उपस्थिति आदेश का सामूहिक बहिष्कार किया। ब्लाक अध्यक्ष कहा कि जब तक शिक्षकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती, तब तक सरकार के इस तानाशाही पूर्ण आदेश का बहिष्कार किया जायेगा। शासन के आदेश को शिक्षकों ने अमानवीय व अव्यवहारिक करार दिया। कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में समय से विद्यालय पहुंचने में नदी, नाले ,कीचड़युक्त और दुर्लभ रास्तों से जाना पड़ता है, कहीं रेलवे फाटकों के बंद होने से जाम लगता है तो कहीं सरकारी परिवहन व्यवस्था के बिलंब के चलते शिक्षक चाह कर भी अपने विद्यालय तक समय से नहीं पहुंच पाते हैं। आरोप है कि अधिकारियों द्वारा आम जनमानस और मीडिया के माध्यम से सरकारी स्कूलों की छवि धूमिल करने का षडयंत्र रचा जा रहा है।

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- शिक्षकों ने सरकार के फरमान को बताया अव्यावहारिक

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षकों ने ब्लाक स्तर पर दो दिवसीय आंदोलन चलाया और सरकार के तुगलकी फरमान को अव्यवहारिक करार दिया। गुरुवार को जहां शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने धरना और हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया, वहीं शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र में तैनात सभी शिक्षकों ने आंदोलन में हिस्सा लेकर अपनी आवाज बुलंद की और ऑनलाइन हाजिरी के फरमान पर असहमति जताई।

शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी की अगुवाई में जनपद के करीब चार हजार से अधिक शिक्षकों ने धरना देकर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताया, वहीं हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेकर सरकारी आदेश के प्रति असहमति व्यक्त की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार से शुरू धरना व हस्ताक्षर अभियान में बड़ोखर खुर्द से कुल 496 शिक्षकों समेत 10 शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों ने प्रतिभाग किया। वहीं नरैनी ब्लाक में 788 शिक्षक, 46 शिक्षामित्र व अनुदेशक, जसुपरा में 305 शिक्षक, 65 शिक्षामित्र व अनुदेशक, बिसंडा में 517 शिक्षक, 12 शिक्षामित्र व अनुदेशक, कमासिन में 371 शिक्षक, 56 शिक्षामित्र व अनुदेशक, महुआ में 446 शिक्षक, 10 शिक्षामित्र व अनुदेशक, बबेरू में 409 शिक्षक, 22 शिक्षामित्र व अनुदेशक, तिंदवारी में 434 शिक्षक, 25 शिक्षामित्र व अनुदेशकों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अपनी ताकत का अहसास कराया। हस्ताक्षर अभियान में बारिश के चलते तमाम महिला शिक्षक शामिल नहीं हो सकी, उन्हें हस्ताक्षर अभियान में शामिल होने के लिए अलग से अवसर दिया जाएगा। संगठन के संयुक्त मंत्री जयकिशोर दीक्षित ने कहा कि सरकार को पहले शिक्षकों की समस्याओं का निदान करना चाहिए, इसके बाद ऑनलाइन हाजिरी के फरमान को जारी करना चाहिए था।

कहा कि सरकार ने बिना तैयारी के शिक्षकों पर यह तुगलकी फरमान थोपने का प्रयास किया है, जिसके विरोध में शिक्षक समुदाय सड़क पर उतरने को विवश हो गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को शिक्षकों की एकजुटता से डरी सरकार के आदेश पर विभागीय अफसरों ने जबरदस्ती टैबलेट का प्रयोग करने को दबाव बनाया। बताया कि 14 जुलाई को संगठन के जनपदीय पदाधिकारियों की बैठक टीचर्स सोसाइटी में आयोजित की गई है, जिसमें आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। जबकि 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं बुलंद की जाएंगी।

# सांसद ने मुख्यमंत्री से आदेश वापस लेने का किया अनुरोध

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- ऑनलाइन उपस्थिति को कृष्णा पटेल ने बताया अव्यावहारिक



सांसद कृष्णा पटेल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर संग्राम शुरू हो गया है। ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश है। शासन के इस नए आदेश को लेकर राजनीति भी गरमा गई है। सपा सांसद कृष्णा देवी पटेल ने सीएम योगी ने इस आदेश को वापस लिए जाने की मांग की है।

बांदा-चित्रकूट सपा सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार अध्यापकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कराने को आमादा है। वहीं सरकार अध्यापकों की लंबित समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। सपा सांसद ने कहा कि अध्यापकों की स्थिति इतनी दयनीय है कि अपनी शादी के लिए भी टीचर को मेडिकल लीव लेनी पड़ती है।

अध्यापकों की कमी के कारण किसी-किसी विद्यालय में एक ही टीचर को क्लास एक से लेकर पांचवीं तक सारे दिन पढ़ाना पड़ता है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षको की आनलाइन उपस्थिति के आदेश पूरी तरह से अव्यवहारिक है। अधिकांश परिषदीय विद्यालय ग्रामीण अंचल एवं दूरदराज क्षेत्रों में स्थित है। नेटवर्क के साथ आवागमन में भी काफी कठिनाई होती है। शिक्षकों में इस अनुचित आदेश के कारण पर्याप्त रोष व्याप्त है। आनलाइन उपस्थिति में व्याप्त विसंगतियों व शिक्षकों की समस्याओं पर विचार करके समाधान किया जाना जरूरी है। सांसद ने सीएम योगी आदित्यनाथ से ऑनलाइन अटेंडेंस आदेश को वापस लेकर पहले टीचर्स की समस्याओं का निराकरण करने का अनुरोध किया है।

# त्वरित न्याय दिलाना ही प्राथमिकता: सतीश

संवाददाता, अतर्रा

- तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा ने कार्यभार संभाला

**अमृत विचार।** नवागंतुक तहसीलदार ने कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि वादकारियों के वाद का निस्तारण जल्द से जल्द करके उनको त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हरेक व्यक्ति को दिलाया जाएगा।

यहां तैनात रहे तहसीलदार रामचंद्र के अलीगढ़ स्थानांतरण हो जाने के बाद बनारस से तबादले पर आए नवागंतुक तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। तहसीलदार ने कहा कि पीड़ित व वादकारियों को सरल व सुलभ न्याय देने का जल्द से जल्द प्रयास किया जाएगा। पीड़ित व फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द होगा। शासन की योजनाओं के लाभ से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा। तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, मनोज श्रीवास्तव, सूरज बाजपेई, बृजमोहन सिंह राठौर, अतुल दीक्षित, सुशील गुप्ता, संतोष गुप्ता और अधिवक्ता संघ दूसरे गुट के अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, अनपत सैनी, राजेंद्र जाटव, नरेंद्र शुक्ला, विपिन मिश्रा, राजेश सिंह, विश्वनाथ अवस्थी ने नवागंतुक तहसीलदार का स्वागत किया।

# खाद के लिए किसान रोपाई छोड़कर समितियों के काट रहे हैं चक्कर

संवाददाता, कमासिन

- सात सहकारी समितियों में नहीं है डीएपी व यूरिया खाद

**अमृत विचार।** बारिश शुरू होने के साथ ही किसानों ने खेती कार्य शुरू कर दिया। धान की नर्सरी तैयार होने के बाद रोपाई का समय आ गया। लेकिन क्षेत्र की सभी सात सहकारी समितियों में किसानों को डीएपी व यूरिया खाद नहीं मिल पा रही। खाद न मिलने से किसान परेशान हैं। धान की बेड़ों की किसान रोपाई नहीं कर पा रहा। अन्नदाता खेत छोड़कर खाद के लिए सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं।

मानसूनी बारिश के बाद खेतों से गायब हुई नमी वापस लौट आई। नतीजे में सूने पड़े खेत किसानों से फिर से गुलजार हो गए। ब्लाक क्षेत्र की सात सहकारी समितियों पर पिछले कई दिनों से यूरिया खाद न होने के कारण किसान परेशान हैं, जबकि खरीफ की फसल को खाद लगाने का यह ठीक समय चल रहा है।

समितियों पर खाद न मिलने के कारण किसान खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, लेकिन प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। किसानों का कहना है कि धान रोपाई का समय आया है तो समितियों में डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत हो रही है। किसान हिम्मत सिंह, राममिलन, संतोष कुमार, दयाराम, कौशल यादव आदि ने बताया कि कमासिन सहित सांड़ासानी, बीरा, औदहा, नारायणपुर, सोनहुली व छिलोलर गांव की सात सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है। किसान प्राइवेट दुकानों से नकली व अधिक दामो में खाद खरीदने को मजबूर हो रहा है। किसानों ने शासन और प्रशासन को शिकायती पत्र भेजकर क्षेत्र की सभी सहकारी समितियां में डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। उधर, समिति सचिवों सत्यदेव यादव, देव कुमार, जितेंद्र कुमार ने बताया है कि खाद के लिए समितियों से चेक जमा किए जा चुके हैं। मुख्यालय में स्टाक न होने के कारण खाद की आपूर्ति नहीं हो रही है। एक सप्ताह बाद सभी समितियों में खाद उपलब्ध हो जाएगी।

# अघोषित बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** बिजली की अघोषित कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के उमस व मच्छरों के आतंक से रात की नींद हराम हो गई है। लेकिन बिजली विभाग है कि उसकी कटौती बढ़ती ही जा रही है। विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कस्बावासियों ने जनहित में अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने की मांग की है।

कस्बे में इन दिनों विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित कटौती ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। एक ओर जहां देर रात घंटों बिजली की कटौती होने से लोगों के बिजली उपकरण पूरी तरह से धड़ाम हो रहे हैं वहीं सुबह से लेकर देर रात तक बिजली के आंख मिचैली के कारण लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। धुआंधार हो रही कटौती से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर बुरा प्रभाव डाल रही है।

बिना रोस्टर के कटौती होने से कस्बावासियों समेत कांग्रेस नेता साकेत बिहारी मिश्रा, सूरज बाजपेई, मोहम्मद नसीम, आशीष गुप्ता आदि ने विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश जताते हुए बिजली कटौती तत्काल बंद करने की मांग की। जबकि सपा नगर अध्यक्ष सनी गुप्ता, भगवान दीन साहू, राजबहादुर गुप्ता आदि ने बिजली कटौती न बंद होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# मंडलीय पेंशन अदालत एक को

**बांदा।** आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों व कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्रध्प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से दिनांक 18 जुलाई को चार बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत मे सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

# विद्युत कर्मियों का आंदोलन खत्म

कार्यालय संवाददाता, बांदा



अधिकारियों से वार्ता करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच मांगों को लेकर सौहार्द पूर्ण वार्ता हुई, जिसमें कहा गया कि नागेंद्र कनौजिया टीजी-2 उप केंद्र चिल्ला की चल रही जांच को 18 जुलाई तक पूर्ण कर गुण-अवगुण के आधार पर प्रकरण समाप्त कर दिया जाएगा। संगठन के समस्त पदाधिकारी सहित सदस्यगण अपने मुख्यालय में रहकर विभागीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति करेंगे। इसके अतिरिक्त धरना प्रदर्शन में शामिल टीजी-2 पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। वार्ता में अधिशाषी अभियंता उदय प्रताप सिंह, अधिशाषी अभियंता दीपक सचान, वरिष्ठ कार्यकारी सहायक संजय सिंह, संघ के अध्यक्ष लखन पटेल, सचिव संतोष कुमार, जिलाध्यक्ष यदुवंश बहादुर, जिला सचिव अमरेश कुमार पाल, आनंद पाल शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग

**बांदा।** नरैनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गहबरा के अंश नौगवां निवासी महिला सविता सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पात्र होने के बावजूद भी उसे प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह प्राथमिक पाठशाला गहबरा में रसोइयां के पद पर तैनात है। आरोप है कि उसे आवास के बदले 10 हजार रुपए की मांग की जाती है, न दे पाने के कारण उसे अपात्र बना दिया गया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# पौधरोपण कर तीन वर्ष संरक्षण का लिया संकल्प

**बांदा।** मानूसनी मौसम में प्रदेश सरकार समेत समूचे विपक्ष के नेता पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। वहीं पौधरोपण के बाद पौधों की सुरक्षा या संरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है, ऐसे में पौधरोपण के तमाम रिकार्ड तो बन जाते हैं, लेकिन पौधों की देखभाल न होने के कारण वह तैयार नहीं हो पाते।

शुक्रवार को कांग्रेस की शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने शहर के राजकीय बालिका इंटर कालेज में पौधरोपण किया और पौधों की तीन वर्ष अनवरत देखभाल करने का संकल्प लिया। कहा कि पौधे लगाने का अभियान चलाने के बाद कोई उन पौधों की ओर मुड़ कर भी नहीं देखता और पौधे देखभाल के आभाव में बर्बाद हो जाते हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज को आगे आना होगा, तभी प्रकृति का संतुलन कायम किया जा सकता है। इस मौके पर लक्ष्मी देवी, सरोज देवी, हीरा देवी समेत कालेज की तमाम छात्राएं शामिल रहीं।



पौधरोपण करतीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष व छात्राएं। अमृत विचार

सख्ती | वाहन संचालन करने वाले स्कूलों को भेजी गई नोटिस, परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान जारी

# तीन स्कूली वाहनों की फिटनेस व दो का परमिट फेल मिला

कार्यालय संवाददाता, बांदा




स्कूली वाहनों की जांच करते परिवहन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अभिभावकों से मोटी फीस लेने के बाद भी स्कूलों के संचालक बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। बच्चों को स्कूल लाने के लिए अनफिट वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। परिवहन विभाग ने स्कूली बसों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया। चेकिंग में तीन स्कूली वाहनों की फिटनेस और दो का परमिट फेल मिला। परिवहन विभाग ने इन वाहनों का संचालन करने वाले स्कूलों को नोटिस भेजा है।

जिले में बच्चे स्कूली वाहनों में कितने सुरक्षित हैं यह जांचने के लिए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी के निर्देश पर कई टीमें बनाकर जिले में स्कूली वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया गया। स्कूल बसों और स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने वाले सभी वाहनों की चेकिंग की गई।

इसी क्रम में पीटीओ रामसुमेर यादव की अगुवाई में बबेरू कस्बे में वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान मेजर आरआर पब्लिक स्कूल, एसएसएस स्कूल, बीएसएम स्कूल, विद्या मंदिर इंटर कालेज और एसजीएस पब्लिक स्कूल वाहनों की जांच की गई। कई वाहन बिना फिटनेस दौड़ रहे थे। जबकि कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं था। अभियान के दौरान 35 स्कूली बसों की चेकिंग की गई।

इस दौरान तीन स्कूली वाहनों की फिटनेस और दो का परमिट फेल मिला। पीटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग के मानकों को पूरा नहीं करने के कई मामले सामने आए। कई वाहनों में फर्स्ट एड बाक्स नहीं था कुछ बसों का ढांचा जर्जर था।

बताया कि विभाग के मानकों को पूरा नहीं करने वाले वाहन चालकों और संचालन करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जनपद में इस समय आधा सैकड़ा से ज्याद स्कूली वाहन सड़कों पर चल रहे हैं। अभिभावकों से मोटी रकम वसूलने के बाद भी स्कूल संचालक फिटनेस मानक की अनदेखी कर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### 174 वाहनों का चालान, नाबालिगों के परिजनों को चेतावनी

**बांदा।** यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष जागरुकता अभियान शुक्रवार को चलाया गया। बाबूलाल चौराहा बस स्टैण्ड के बस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस व वाहनों के कागजात को किया गया चेक किए। नाबालिग लड़के व लड़कियों को प्रमुखता से यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। अभियान के क्रम शुक्रवार को बाबूलाल चैराहा व बस स्टैंड के बस चालकों को यातायात नियमों के पालन करने के जागरुक करते हुए बस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तथा वाहनों के कागजात को चेक किया गया। अभियान में यातायात नियमों को पालन न करने वाले 174 वाहनों को चालान किया गया। 11 नाबालिगों के चालान किए गए। साथ ही वाहन चला रहे नाबालिगों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी भी दी गई।

# बाल श्रम व भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान चला किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बाल संरक्षण व श्रम विभाग की संयुक्त टीम रही शामिल
- अभिभावकों और दुकानदारों को दी कानून की जानकारी

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बाल संरक्षण और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर लोगों को बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम को रोकने के प्रति जागरूक किया। दुकानदारों व अभिभावकों को बाल श्रम व भिक्षावृत्ति करवाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर थाना एएचटीयू, बाल संरक्षण विभाग व श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में अभियान चलाकर लोगों को बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। बाल श्रम कराने वाले दुकानदारों व अभिभावकों को सख्त चेतावनी दी गई। कहा कि भविष्य में कोई दुकानदार यदि बच्चों से बाल श्रम कराते हुए पाया गया तो ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। अभियान के दौरान श्रम अधिकारी दुष्यंत कुमार, सुनील शुक्ला, बाल संरक्षण अधिकारी राजीव प्रताप सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, कांस्टेबिल प्रशांत यादव व महिला कांस्टेबिल अलका वर्मा आदि मौजूद रहे।




बाल श्रम को लेकर अभियान चलाते अधिकारी।

# आधा घंटा बारिश होने से सीएचसी जैतपुर परिसर बना तालाब

## अस्पताल परिसर में जल निकासी न होने से हो रही मरीजों को आवागमन में दिक्कत

संवाददाता, जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से थोड़ी सी ही बारिश में अस्पताल परिसर तालाब बन जाता है, इससे अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को हुई बारिश से सीएचसी में दो दो फिट पानी भर गया। मरीजों को आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। चिकित्साधिकारी ने ग्राम प्रधान से सफाई कराने की बात कही।



सीएचसी जैतपुर परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जेतपुर के मुख्य द्वार पर नाली का निर्माण कराया गया था, लेकिन नाली गंदगी से पटी होने के कारण शुक्रवार को हुई तेज बारिश का पानी अस्पताल परिसर में भर गया, जिससे मरीजों को इलाज कराने के लिए अस्पताल के अंदर पहुंचना मुश्किल हो गया, तीमरदार अपने अपने मरीजों को गोद में उठाकर दो- दो फिट पानी पार कर अस्पताल के अंदर पहुंचे। डाक्टरों और कर्मचारियों को भी पानी से ही गुजरकर अस्पताल पहुंचना पड़ा। परिसर में पानी अधिक भर जाने से दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से आए कई मरीजों को मैदान में पानी भरे होने के कारण मैदान की ऊंचाई निचाई का अंदाजा न हो पाने के कारण गिर गए। गांव के मोहानलाल, हरिश्चंद्र, देवकीनंदन का कहना है कि अस्पताल परिसर में थोड़ी सी बारिश होने पर पानी लबालब भर जाता है। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डा. आशीष तिवारी ने ग्राम प्रधान को तत्काल नाली की सफाई कराकर जल निकासी कराए जाने की बात कही है।

### शुक्रवार को बाजार की दुकानों में भरा पानी

**महोबा।** शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से शहर में करीब दो घंटा रुक-रुक के हुई बारिश से तहसील से डाकबंगला रोड पर शुक्रवारी बाजार के सामने सड़क पर दो- दो फिट पानी भर गया, जिससे जहां एक तरफ आवागमन में लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं कई दुकानदारों की दुकानों में भी पानी भर गया। दुकानदारों का कहना है कि गुलाब पैलेस से आगे नाले की नगर पालिका द्वारा सफाई न कराए जाने के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे थोडी ही बारिश में सड़कें पानी से भर जाती हैं।

# महिला के खिलाफ शिकायत, कार्रवाई की मांग उठाई

**महोबा।** शहर के वार्ड सिंहभवानी में महिला की अराजकता व धमकियों से परेशान मोहल्ले वासियों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। साथ ही अराजकता से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की। एसपी को दिए शिकायती पत्र में वार्ड वासियों ने आरोप लगाया कि महिला द्वारा अराजक तत्वों के सहयोग से सभी को धमकियां देते हुए प्रताड़ित किया जा रहा है और विरोध करने पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर फंसाने की बात कहकर डराया धमकराया जा रहा है। इससे हर कोई परेशान है। महिला के विरुद्ध हर हाल में कार्रवाई की जानी चाहिए।

वार्ड वासी एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर महिला के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र त्रिपाठी, पंकज द्विवेदी, पप्पू सोनी, पंकज द्विवेदी, मनोज कुमार के अलावा योगी आदित्यनाथ युवा बिग्रेड के जिलाध्यक्ष नीरज पांडे व उनके समर्थक शामिल रहे।

# राजस्व वसूली शत प्रतिशत करें लापरवाही न हो: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की। एआरटीओ, खनिज अधिकारी व अन्य अधिकारियों से कहा कि राजस्व की वसूली शत प्रतिशत होनी चाहिए। नगर पंचायत के ईओ से कहा कि एग्रीमेंट के बाद ही दुकानें किराए पर दें।



मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर राजस्व वसूली की हुई समीक्षा बैठक

जिलाधिकारी ने कहा कि करों की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली के संबंध में सभी अधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जारी हुई। आरसी का मिलान करें तथा कर्मचारी लगाकर उक्त कार्यों को तेजी से निस्तारण कराएं। सभी उप जिलाधिकारी अपने- अपने क्षेत्रों में व्यापारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका, नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का एग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें। उन्होंने जीएसटी, बैंक, परिवहन एवं विद्युत विभाग द्वारा जारी समस्त आरसी का मिलान करने के सख्त निर्देश दिए। सभी उप जिलाधिकारी आरसी का मिलान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन विभाग को वसूली के साथ- साथ मिट्टी खनन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिट्टी खनन पर पूर्ण अंकुश लगाए। बाट माप अधिकारी को वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने के लिए अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश रहे।



उद्योग बंधु की बैठक में निर्देश देते सीडीओ। अमृत विचार

# बिजली कटौती मुसीबत बनी, समस्या दूर कराएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- उद्योग बंधु की बैठक में छाया रहा बिजली कटौती का मुद्दा
- सीडीओ ने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में पत्थर मंडी डहर्रा क्षेत्र में अनियमित विद्युत आपूर्ति और कबरई से बांदा रोड पर स्ट्रीट लाइटें न जलने का मुद्दा व्यापारियों ने उठाया। इतना ही नहीं बिजली की अव्यवस्था पर व्यापारियों ने नाराजगी भी जताई।

मुख्य विकास अधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली की अव्यस्था पर नाराजगी जताते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति किए जाने के निर्देश दिए साथ ही चेताया कि इस तरह की समस्या दोबारा नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पत्थर मंडी से सरकार को सालाना करोड़ों रुपये राजस्व दिया जाता है, इसके बाद भी पत्थर मंडी में बिजली की समस्या को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ संबन्धित विभाग के अधिकारियों को सख्य कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में डीवीसी से संबंधित इकाइयों के बैंक ऋण से संबंधित प्रकरणों पर एलडीएम को दिशा निर्देश दिए गए कि संबंधित बैंक शाखाओ से निवेशकों के ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, क्योंकि यह प्रकरण शासन की शीर्षतम प्राथमिकताओं में है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपायुक्त व्यापार कर, व्यापारी रामजी गुप्ता तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों व उद्यमियों तथा व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया।

# महोत्सव से पूर्व हो नाला निर्माण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक कजली महोत्सव रक्षाबंधन के दूसरे दिन से शुरू होता है, जो अब करीब है, लेकिन कजली मेले का केंद्र बिन्दु राठ चुंगी के आसपास का इलाका गंदगी से पटा होने से हो रही असुविधा को देखते हुए मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राठ चुंगी से गायत्री मंदिर तक की अधूरे पड़े नाले का जल्द से जल्द निर्माण कराने और अभियान चलाकर सफाई कराए जाने की मांग उठाई है। जिससे बारिश और कजली महोत्सव में आने जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुवधि का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया गया कि इस इलाके की बारिश से पूर्व राठ चुंगी इलाके की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाती थी, लेकिन इस साल बारिश शुरू होने के बाद भी सफाई व्यवस्था पर

- राठ चुंगी से गायत्री मंदिर का एरिया बारिश के चलते गंदगी से पटा



सड़क किनारे अधूरा पड़ा नाला।

कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे राठ चुंगी से गायत्री मंदिर के बीच जल निकासी के लिए पक्की नाली बनवाई गई थी, लेकिन नाली की सफाई न होने के कारण वह कीचड़ से पटी पड़ी है और थोडी ही बारिश में सड़क पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है, जिसके चलते उक्त सड़क के कुछ हिस्से ही गायब हो गई है।

ज्ञापन में बताया कि पुरातत्व विभाग द्वारा रोड किनारे नाला, नाली का निर्माण पर रोक लगा दी गई थी, जो न्यायोचित नहीं है, क्योंकि विभाग की सड़क के दोनों तरफ पटरी सीमा है। बताया कि नगर पालिका द्वारा बड़ा नाला बनाने के लिए पुरानी नालियों को खत्म कर गया और एक माह बीत जाने के बाद भी कार्य पर पुरातत्व विभाग द्वारा रोक लगाए जाने की बात की जा रही है। लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कजली मेले से पूर्व नाला निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में जगदीश नगाइच, नरेंद्र, महेश्वरीदीन, गोविंद, छेदालाल प्रजापति, चंद्रशेखर स्वर्णकार, शशिकांत शुक्ला, राकेश, प्रेमसुख पाल, अविनेश, मकुंदा अहिरवार, धर्मदास सहित तमाम मोहल्ले वासी शामिल हैं।

# वसूली का आरोप, एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बेटी की शादी में लिए गए उधार रुपये अदा करने के बाद भी दबंग द्वारा परिवार से कई गुना रकम ब्याज के रूप में मांगी जा रही है। जिससे पूरा परिवार परेशान है। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देकर मारपीट की जा रही है। पीड़ित ने एसपी से परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला सत्तिपुरा निवासी संतोष सेन पुत्र भुरा सेन ने एसपी अपर्णा गुप्ता को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह पहले किशोरी आयल मिल में मजदूरी करता था। तभी एक मुनीम से उसने अपनी पुत्री की शादी के लिए 2021 में 85 हजार रुपये का कर्ज लिया था उसने कहा था कि पांच पांच हजार रुपये की किश्तों में पैसा दे देना। हम तुम्हारी बिटिया की शादी की मदद कर रहे हैं। प्रार्थी ने प्रतिमाह अपने वेतन से काट काट के 1 लाख रुपये अदा कर दिए। अब पंचा मुनीम मनमाना ब्याज जोड़कर एक लाख 40 हजार रुपये अतिरिक्त मांग कर रहा है । जबकि वह पूरा पैसा दे चुका है ।

मांग के अनुरूप पैसा न देने पर उसे पंचा मुनीम ने मिल की नौकरी से निकलवा दिया। प्रार्थी का परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है।अब कोई आय को सोर्स नहीं है। उधर दबंग उल्टा परेशान कर रहा है जिससे पीड़ित दूसरी जगह काम नहीं कर पा रहा है। एसपी ने मामले में जांच का भरोसा दिया है। साथ ही उत्पीड़न न होने का आश्वासन दिया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात ग्रामीण का शव

**महोबा।** रेलवे स्टेशन चरखारी के समीप मानिकपुर रेलवे ट्रेक पर एक 55 वर्षीय ग्रामीण की रेल के कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव की शिनाख्त में जुट गई है।

बताया जाता है कि चरखारी रेलवे स्टेशन के समीप पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी कि रेलवे ट्रैक पर एक 55 वर्षीय अधेड़ की रेल से कटकर मौत हो गई और उसका शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई परिचय पत्र बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद शव का पंचनामा भर मुर्दा घर में रखवा दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस इसके प्रयास कर रही है।

# पुलिस को मिलीं छह स्कार्पियों और दो बाइकें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अब डायल-112 के पुलिस कर्मचारियों को नए स्कार्पियों वाहन शासन से उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में छह नई स्कार्पियों गाड़ियां भेजी गई हैं, जिससे सूचना मिलने पर अब डायल-112 के पुलिस जवान आसानी से घटनास्थल पर पहुंच सकेंगे। शुक्रवार को शासन से भेजी गई छह नई स्कार्पियों और दो बाइकों को पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला मुख्यालय डायल-112 को प्राप्त 08 नये पीआरवी वाहनों को अलग- अलग स्थानों के रवाना करने के लिए एसपी ने हरी झंडी दिखाई। जनपद महोबा में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आपाताकालीन पुलिस सेवा को और प्रभावी व बेहतर बनाने के लिए डायल-112 मुख्यालय से जनपद महोबा को नए वाहन मुहैया करा



पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखातीं एसपी। अमृत विचार

- पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर थानों के लिए किया रवाना

दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन महोबा से विधिवत हरी झण्डी दिखाते हुए इन्न सभी पीआरवी वाहनों को सम्बन्धित थानों के लिये रवाना किया गया।

महोबा में डायल-112 में नये पीआरवी वाहनों के शामिल होने व जनपद में इनके संचरण से जनपद महोबा में अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलेगी साथ ही आपातकालीन पुलिस सेवा और बेहतर तथा प्रभावाशाली होगी। नये पीआरवी वाहनों के आने से तैनात पीआरवी वाहनो की सघनता में वृद्धि होगी, जिससे निश्चित रूप से पीडितों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी साथ ही घटना स्थल पहुंचने में रिस्पांस टाइम को भी काफी कम करने में मदद मिलेगी।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, नोडल 112 सत्यम, प्रभारी यूपी-112 आशीष भदौरिया, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर, प्रभारी परिवहन शाखा भानु प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# फर्जी बटाईदार बनकर कराया फसल का बीमा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- चरखारी विधायक ने जांच कराने के लिए डीएम को लिखा पत्र

**अमृत विचार।** प्रधानमन्त्री फसल बीमा में किसानों के साथ ठगी करने का एक नया तरीका ठगों द्वारा शुरू किया गया है जिसमें फर्जी बटाईदार दर्ज कराते हुए एक ही गाव के 80 हेक्टेएर कृषि भूमि का बीमा ठगों द्वारा किया गया है। एसडीएम चरखारी ने पुलिस व जिला कृषि अधिकारी को पत्र भेजते हुए जांच कराने तथा चरखारी विधायक ने जिलाधिकारी से जांच करते हुए ठगों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

फिलहाल ठगी के मामले का खुलासा का मामला चरखारी विकास खण्ड के ग्राम गोपालपुरा का है। जिसमें गांव के तीन दर्जन किसानों ने एसडीएम चरखारी को शिकायती पत्र देते हुए जांच एवं कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं विधायक चरखारी डा. बृजभूषण राजपूत से भी ग्रामीणों ने न्याय की गुहार लगायी है। बीमा घोटाला में एक ही गांव के वीरपाल सिंह' वीर सिंह' देवेन्द्र कुमार' नरेन्द्र सिंह' मान सिंह' रघुवर' देवी सिंह' रमेश' कमला सहित तीन दर्जन किसान ठगी के शिकार हुए हैं। किसानों ने बताया कि जब वह स्थानीय सीएससी बीमा कराने पहुंचे तो सभी के बीमा पूर्व से होना दर्ज पाए जाने पर किसानों के हाथ पैर फूल गए तथा सभी किसान एसडीएम के पास गुहार लगाने पहुंचे जहां एसडीएम चरखारी ने जिला कृषि अधिकारी एवं पुलिस को जांच सौंपी है। वहीं चरखारी विधायक आवास पर पहुंचे किसानों ने विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत से भी न्याय की गुहार लगायी है।

चेतावनी


शून्य बिक्री घोषित रिटर्न फाइल करने वालों की जांच में जुटा विभाग

# गलत रिटर्न दाखिल करने पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** समय से रिटर्न दाखिल न करने व जानबूझ कर आंखों को छिपाकर गलत रिटर्न दाखिल करने वालों पर व्यापार कर विभाग ने शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे मामलों की विभाग जांच पड़ताल करने में जुट गया है, जिससे गलत रिटर्न भरने वाले व्यापारियों के ऊपर कार्रवाई की तैयारी है।

शुक्रवार को चरखारी वाईपास स्थित राज्य एवं वस्तुकर कार्यालय में व्यापारियों की हुई बैठक में डिप्टी कमिश्नर स्टेट जीएसटी नीरज सेंगर ने कहा कि गलत रिटर्न भरने की जानकारियां मिल रही हैं। व्यापारी




जान बूझकर कर चोरी की नीयत से गलत आंकड़े बनाकर या शून्य बिक्री घोषित कर रिटर्न फाइल कर देते हैं, जब जांच में उसी फर्म का कोई बिल फंस जाता है तो आईटीसी के लाभ कब लिए वह बिल रिटर्न से मेल नहीं खाता है, जिससे भारी ब्याज पेनाल्टी के साथ व्यापारी को आर्थिक क्षति होती है। इसलिये समय पर सही रिटर्न दाखिल कर जुर्माना पेनाल्टी ब्याज से बचा जा सकता है। असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत राय ने कहा कि व्यापारी को सही रिटर्न से जीएसटी का पर्याप्त लाभ मिलता है, लेकिन कुछ व्यापारी अपने गलत लाभ नकारात्मक सोच के चलते बिना सोचे समझे गलत रिटर्न फाइल कर देते हैं, इससे हमें बचना होगा। कहा कि व्यापारी कर अपवंचना करके बच नहीं सकते हैं।

वाणिज्य कर अधिकारी विजय द्विवेदी ने कहा कि निर्धारित तिथि पर ही सही फार्मेट में अपने खरीद बिक्री का डिटेल जीएसटी के सही नम्बर के साथ दाखिल करें, ताकि उन्हें उसका पूरा लाभ खरीदार एवं विक्रेता को मिल सके। निल का रिटर्न दाखिल करने वाले व्यापारियों पर विभाग पैनी नजर रख रहा है। उन्होंने जीएसटी पंजीकरण के बाद व्यापार करने के फायदे गिनाए। विभाग द्वारा ऐसे व्यापारियों को चिन्हित किया जा रहा है, जो गलत रिटर्न दे रहे हैं। उनका पिछला डाटा मिलान किया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष भागीरथ नागाइच ने जीएसटी के सरलीकरण पर बल दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता ने कहा कुछ विसंगतियां जीएसटी में कई स्टेप में है, जिसे जीएसटी काउंसिल को वास्तविकता के आधार पर संशोधन करना चाहिए। बैठक में व्यापारी विनोद पुरवार, शिवकुमार सोनी, नीरज वर्मा, अंकित तिवारी, राम सिंह, समीर सहित तमाम व्यापारी अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार संगठन की जिला कार्यकारिणी गठित

**महोबा।** श्रमजीवी पत्रकार संगठन महोबा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संगठन जिलाध्यक्ष के रुप में कहकशां जलाल और जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव को सर्वसम्मित से चुना गया। जिलाध्यक्ष के साथ संगठन के लोगों ने सूचना कार्यालय पहुंचकर संगठन कार्यकारिणी से संबन्धित पत्र सौंपा। श्रमजीवी पत्रकार संगठन कार्यकारिणी के जिला महामंत्री पद पर मयंक कुमार को चुना गया साथ ही जिला सचिव सामंत सिंह यादव और कृष्ण कुमार और जिला कोषाध्यक्ष शेख हैदर मंसूरी बनाया गया। सदस्यों में पुष्पेंद्र तिवारी, इद्रेश कुमार, देवेंद्र अरजरिया, मोहम्मद सुलेमान, ताजुद्दीन, नीरज कुमार रहे।

# हिन्दुओं के लिए शिवाजी ने लड़ी लड़ाई

संवाददाता, पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** आरएसएस का वन विहार कार्यक्रम पनवाड़ी के प्रसिद्ध गाढोखर धाम स्थित बजरंग इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। इस दौरान संघ से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम संपादित किये गये। जिला प्रचारक चंदल ने मंदिर के चबूतरे पर ध्वज प्रणाम के लिये जुटे कार्यकर्ताओं को बौद्धिकता का पाठ पढ़ाया। सुबह से ही मंदिर परिसर में लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था। कार्यक्रम के उपरांत आरएसएस के सदस्यों व अन्य लोगों को भोजन भी कराया गया।

इस मौके पर जिला प्रचारक ने कहा कि शिवाजी ने मुगलों से युद्ध करने के लिए वनवासी क्षेत्रों में जाकर अपनी सेना का निर्माण किया और वनवासियों से कहा गया कि



कार्यक्रम में बोलते आरएसएस के जिला प्रचारक। अमृत विचार

हिन्दुओं के उत्थान के लिए लड़ाई आवश्यक है। अंत में वनवासियों के साथ मुगलों से युद्ध करके छत्रपति शिवाजी ने विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एकजुटता के कारण छत्रपति शिवाजी ने मुगलों के दांत खट्टे कर उन्हें खदेड़ दिया था। कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद के क्रियाकलाप संपन्न हुये और स्वयंसेवकों को संगठन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

खंड कार्यवाहक सचिन ने कहा व्यक्ति श्रेष्ठ नहीं होता, बल्कि संगठन श्रेष्ठ होता है और संगठन से राष्ट्र श्रेष्ठ होता है, इसलिए भारत माता की जय बोला जाता है। इस दौरान जिला सह शारीरिक प्रमुख जयप्रकाश राठौर, जिला सहप्रचार प्रमुख पंकज, जिला घोष प्रमुख मिहीलाल, जिला पर्यावरण प्रमुख मार्तण्ड,स्वयंसेवक मोनू, अवधेश प्रताप, जयपाल, अनिल कुमार रहे।

## एक नजर

### गंभीर हालत में मिला युवक, अस्पताल में मौत

कुरारा (हमीरपुर)। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी हरिराम (27) पुत्र चुन्नू शुक्रवार को दोपहर करीब 3 बजे कस्बे की लालमन पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा था। दुकानदारों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को लेकर स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बे के दुकानदार राम सजीवन ने बताया कि शराब के नशे में घंटे पड़ा रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक/युवतियों को मिलेगा कंप्यूटर का प्रशिक्षण

हमीरपुर। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण की ओर से अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित युवक युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण देगा। इसके लिए पांच अगस्त तक प्रशिक्षण लेने के लिए विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के न्यूनतम इंटर पास युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जाना है। इसके लिए पांच अगस्त तक विभागीय वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in, obccomputertraining.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की हार्ड कापी मय संलग्नकों सहित उनके कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

### सांप के डसने से अचेत हुई युवती, हमीरपुर रेफर

मौदहा (हमीरपुर)। अपने घर में घरेलू काम कर रही युवती को सर्प ने डस लिया। अचेत होकर गिरने पर परिजन आनन फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव पढोरी निवासी बिंदादीन की पुत्री की प्रिया (20) सुबह अपने घर पर घरेलू काम निपट रही थी, तभी वहां पर छिपे हुए सर्प ने काट लिया। जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गई और वहां मौजूद परिजनों ने यह देख आनन फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होते देख प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सुख समृद्धि के लिए किया गया हवन-पूजन

बिवांर (हमीरपुर)। पाथा देवी के मंदिर में किसानों ने गांव में सुख समृद्धि खुशहाली के लिए हवन पूजन कराया है। जिसमें आचार्य शिव गोविंद पांडेय ने वेद मंत्रोच्चार के साथ कुंड में आहुतियां दिलाए जाने का कार्य कराया। किसान पिंटू पाठक, राजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश, श्रीनारायण, महेश गुप्ता ने आहुतियां दीं। हवन के समय गांव के एक दर्जन किसान मौजूद रहे हैं।

### मारपीट में पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज

सुमेरपुर(हमीरपुर)। अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पहली घटना में नारायणपुर निवासी रामगोपाल साहू ने बताया कि बड़ागांव निवासी कल्लू साहू अकारण गाली गलौज शुरू कर दी।जब उसने रोका तो उसने जमकर मारा पीटा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना में देवगांव निवासी रजत सिंह ने बताया कि वह सिमनौड़ी गांव में तिलक में शामिल होने गया था। तभी इस गांव के निवासी राजा सिंह, अनुराग उर्फ सोनू, अशोक सिंह व एक अन्य व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की कोशिश की। आरोप लगाया कि राजा अवैध तमंचा लेकर आया था। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# फोरलेन के गड्ढे में उछली बाइक, महिला की मौत

## कुरारा क्षेत्र में कालपी-हमीरपुर हाईवे पर डामर गांव के पास हुआ हादसा, कदौरा से कुरारा आते समय हादसे में बेटा भी घायल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के डामर गांव के पास कालपी-हमीरपुर हाईवे के गड्ढों में बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे गिरकर बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मां की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कस्बे के मुख्य बाजार निवासी दिनेश (20) अपनी मां प्रेमलता (40) को लेकर बाइक से कदौरा से कुरारा आ रहा था, तभी डामर गांव के पास कालपी-हमीरपुर हाईवे पर गड्ढों में बाइक अनियंत्रित होकर उछल गई, जिससे बाइक से गिरकर गंभीर रूप से मां-बेटे घायल हो गए। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने एंबुलेंस को दी। दोनों उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां प्रेमलता की हालत नाजुक देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रेमलता को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रेमलता अपने पीछे एक पुत्र दिव्य (20) को छोड़ गई है। वह कस्बे के मेन बाजार में जनरल स्टोर की दुकान में अपने पति का सहयोग करती थी। इस घटना से पति और पुत्र का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




- पति के साथ दुकान में हाथ बंटाती थी महिला
- महिला की मौत से परिवार में पसर गया मातम

### सड़क हादसों में तीन लोग घायल, सभी जिला अस्पताल रेफर किए गए

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों में सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के हरौलीपुर चौकी के सामने गुरुवार की रात करीब 11 बजे राजेंद्र कुमार (25) अपने साथी राम प्रकाश (55) के साथ बाइक से मूसानगर की तरफ से बदनपुर गांव में एक बारात में शामिल होने आ रहे थे। तभी कुरारा मनकी मार्ग में हरौलीपुर पुलिस चौकी के सामने एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात बाइक सवार भाग निकला। वहीं राजेंद्र कुमार व राम प्रकाश गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आये जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में कस्बे के इंडियन बैंक के सामने शुक्रवार की दोपहर 11 बजे करीब कुतुबपुर गांव निवासी सुखदेव (48) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जो सड़क में घंटों पड़ा रहा। राहगीरों की मदद से सीएचसी में लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# हादसे में बेटे के बाद मां की भी हुई मौत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। ससुराल में शादी समारोह में मंगलवार को शामिल होने आ रहे पत्नी बेटे के साथ बाइक सवार युवक को नेशनल हाईवे में इंगोहटा के समीप डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में डेढ़ वर्ष की पुत्र की मौके पर मौत हो गई। जबकि पत्नी की हालत नाजुक होने पर कानपुर में इलाज चल रहा था। जहां गुरुवार को उसकी भी मौत हो गई।

महोबा जनपद के कबरई कस्बा के शंकरपुरवा मोहाल निवासी जितेंद्र अनुरागी (26) अपनी पत्नी प्रभा (24) व पुत्र प्रशांत डेढ़ वर्ष के साथ बाइक से अपनी ससुराल कस्बे के इमिलिया थोक में शादी समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार को आ रहा था।


प्रभा।

- शादी समारोह में शामिल होने आते समय इंगोहटा के पास डंपर ने मारी थी टक्कर

तभी इंगोहटा के समीप हाईवे पर बाइक में डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्रशांत को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

प्रभा की हालत गंभीर होने तथा जितेंद्र का पैर टूटा होने के कारण दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया था। जहां से हालत नाजुक होने पर दोनों को कानपुर रेफर कर दिया गया था।जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात प्रभा की मौत हो गई। परिजन उसके शव को लेकर कबरई रवाना हो गए है। पत्नी व बेटे की मौत से पति जितेंद्र बदहवास हो गया है। घायल जितेंद्र के पिता राजाराम ने डंपर संख्या यूपी 78 जेटी 7083 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### बाइक को बचाने के प्रयास में ई रिक्शा पलटा, पांच लोग घायल

कुरारा। थाना क्षेत्र के पतारा श्रमदान के पास बाइक को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां पांचों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के पतारा श्रमदान के पास शुक्रवार को एक ई रिक्शा कुरारा से सवारी भरकर पतारा गांव के लिए जा रहा था, तभी पतारा श्रमदान के पास बाइक को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई रिक्शा चालक प्रेम नारायण (45), उसकी पत्नी पप्पी (40), बुधिया (50), श्यामा (22) और मनीष (10) निवासी झलोखर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद पांचों घायलों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## नदी में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। शहर से निकली बेतवा नदी में शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। जिसकी शिनाख्त में पुलिस जुट गई है।

मुख्यालय से होकर निकली बेतवा नदी में शुक्रवार की दोपहर लगभग 02 बजे नदी में नहाने गए लोगों ने एक अज्ञात युवक का शव पुल के पास देखा पानी में उतराते देख। जिसकी सूचना तत्काल सदर कोतवाली को दी। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गोताखोरो व नाविकों की मदद से नदी से बाहर निकलवाया।


बेतवा पुल के पास घटनास्थल पर लगी भीड़।

शव की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पहचान कराई गई, लेकिन उसकी खिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक की आयु लगभग 30 वर्ष बताई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

## मोंटी आत्महत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

सुमेरपुर(हमीरपुर)। मोंटी सोनी आत्महत्या कांड के आरोपी प्रेमिका के पिता को पुलिस ने शुक्रवार को खजुराहो से कानपुर जाने वाली ट्रेन से उतरते ही स्टेशन पर दबोच लिया। लेकिन अभी भी इस घटना के पांच आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

बीते एक जुलाई को कस्बे के नेहा नर्सिंग होम तिराहे के पास निवासी रामबाबू उर्फ रजवा सोनी के पुत्र अंकित उर्फ मोंटी सोनी ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के पहले उसने मुख्यमंत्री को संबोधित एक वीडियो वायरल किया था। उसी को आधार बनाकर मृतक के पिता रामबाबू सोनी ने कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के निकट रहने वाले पप्पू मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, साधना मिश्रा, टिंकू मिश्रा, तान्या मिश्रा व टिंकू मिश्रा का पुत्र नाम अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था।घटना के बाद से पुलिस आरोपियों के तलाश में लगातार जुटी रही। लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। स्वर्णकार समाज के विभिन्न संगठन इस मुद्दे को विभिन्न मंचों के माध्यम से उठा रहे थे और सोमवार से सांकेतिक धरना प्रदर्शन का एलान किया था। इसी के चलते पुलिस आरोपियों को दबोचने के लिए सक्रिय थी। कस्बा इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि सुबह कस्बे के रेलवे स्टेशन पर कानपुर को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से उतरते समय आरोपी टिंकू मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी के गिरफ्तार होने से पुलिस व पीड़ित ने राहत की सांस ली है।


भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

# तीन दिन तक बंद रहेंगी ट्रेनें, होगा दोहरीकरण

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- कानपुर-मानिकपुर व खजुराहो कानपुर की ट्रेन नहीं चलेंगी
- कानपुर-चित्रकूट इंटरसिटी भी तीन दिन तक बंद रहेगी

अमृत विचार। यमुना साउथ बैंक से खैरार जंक्शन के बीच रेलवे के दोहरीकरण लाइन के ट्रायल के चलते इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

झांसी मंडल में रागौल,भरुआ सुमेरपुर,यमुना साउथ बैंक स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। वहीं खैरार से भीमसेन क्षेत्र के रागौल एवं यमुना साउथ बैंक स्टेशनों पर किए जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसलिए रेल गाड़ियों का निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है।उत्तर मध्य रेलवे के सेक्शन इंजीनियर केके सिंह व रेलवे मदद एप के अनुसार कानपुर से मानिकपुर जाने वाली व मानिकपुर से कानपुर की तरफ आने वाली पैसेंजर ट्रेन 14 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। जबकि कानपुर से खजुराहो जाने वाली ट्रेन 14 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। वहीं खजुराहो से कानपुर आने वाली वाली ट्रेन 15 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। कानपुर से चित्रकूट धाम जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस व चित्रकूट धाम से कानपुर आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 से 17 जुलाई तक ठप रहेगी। दुर्ग से कानपुर आने वाली बेतवा एक्सप्रेस 16 जुलाई को नहीं आएगी। वहीं कानपुर से दुर्ग को जाने वाली बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को नहीं जाएगी। लखनऊ से जबलपुर जाने वाली ट्रेन चित्रकूट एक्सप्रेस 15 जुलाई को नहीं जाएंगी। जबकि जबलपुर से लखनऊ आने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 16 जुलाई को नहीं आएगी। उत्तर मध्य रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर जावेद अख्तर ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

# बिजली कटौती से जूझ रहे गुसियारी के लोग

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। मोहर्रम के मातमी पर्व को लेकर जहां प्रशासन एक ओर बिजली और पानी की समस्या समाधान पर जोर दे रहा है। वहीं सिसोलर पावर हाउस से जुड़े गुसियारी गांव की हालत बेहद गंभीर होती जा रही है। यहां बिजली लगातार आंख मिचौली करती है। वहीं वोल्टेज कमी के चलते पानी के नलकूपों के मोटर तक नहीं चल पा रहे है।

ग्राम प्रधान असरार अहमद खान ने बताया कि लगातार वह बिजली संकट से जूझ रहे हैं। कुल मिलाकर 10 से 12 घंटे तक ही उन्हें बिजली मिल पाती है। वह भी टुकड़ों में। इतना ही नहीं लो वोल्टेज के चलते पंप हाउस के मोटर नहीं चल पा रहे। जिससे पानी का संकट भी बरकरार है। गांव निवासी अधिवक्ता अब्दुल कुद्दूस व रमजानी का कहना है कि उनके गांव में सिसोलर से बिजली की लाइन जोड़ी गई है। जबकि सिसोलर 12 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है। जिससे मामूली फाल्ट भी घंटों बाद ठीक हो पाता है और अगर थोड़ी देर शाम कहीं लाइन में फाल्ट आ गया तो रात भर वह बिजली के अभाव में जीते हैं।



- लो वोल्टेज की समस्या से नलकूप नहीं चल पाने के कारण पेयजल का संकट

फिर दूसरे दिन ही दिन में किसी समय यह ठीक हो पाती है। जबकि उनके निकट दो किलोमीटर दूर इचौली पावर स्टेशन है। यदि उनकी बिजली लाइन वहीं से जोड़ दी जाए तो बिजली के साथ पानी भी उनको मुहैया होता रहेगा। उपखंड अधिकारी बिजली राकेश कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि फिलहाल आपूर्ति सभी जगह है। कभी-कभी लाइन खराब होने पर उन्हें ठीक करने में समय लग सकता है। जहां तक लो वोल्टेज की समस्या है। वह उसे गंभीरता से देखेंगे और जो भी संभव हो सकेगा वह किया जाएगा।

## नाली के विवाद में सफाई कर्मी को पीटा

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के बहपुर गांव में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद के चलते कुछ लोगों ने एक सफाई कर्मचारी को मारापीटा।

बहपुर निवासी शिव भगवान ने बताया कि वह रिगवारा में सफाई कर्मी है। सुबह वह घर से निकला तभी गांव के तीन लोगों ने नाली के पानी की निकासी को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की।

## राठ में घंटों गायब रहती बिजली

राठ। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते कस्बे की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से पटरी से उतर गई है। 24 घंटे में उपभोक्ताओं को मात्र दस से बारह घंटे बिजली ही मिल पा रही है। बिजली न मिलने से उपभोक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। कभी भी उपभोक्ता सड़कों पर उतर सकते हैं।

इस समय उमस भरी गर्मी से उपभोक्ता जूझ रहे हैं। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की हीला हवाली के चलते कस्बे की बिजली पटरी से उतर चुकी है। सारा दिन बिजली की आंख मिचौली होती रहती है। 5 मिनट के लिए आती है और घंटों को गायब हो जाती है। उपभोक्ता सुंदरलाल, रामनारायन, कंधी लाल, परमेश्वरी, फैजान, अब्दुल, सलीम आदि का कहना था कि इस समय मुहर्रम का त्योहार चल रहा है। भीषण उमस भरी गर्मी से उनके बच्चे जूझ रहे हैं। वहीं बिजली न रहने से परेशान हैं। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने का निर्देश हैं। पावर कारपोरेशन के अवर अभियंता वीके पांडेय का कहना था कि रोस्टिंग के चलते बिजली की कटौती की जा रही है।

## सार-संक्षेप


कुरारा बीआरसी में बैठक करते प्राथमिक शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का जताया विरोध

हमीरपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय आह्वान पर आनलाइन डिजिटल हाजिरी के विरोध में है। शुक्रवार को बीआरसी कुरारा प्रांगण में ब्लाक इकाई की बैठक हुई। बैठक में प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर ऑनलाइन डिजिटल हाजिरी के विरोध में शिक्षकों द्वारा असहमति पत्र में विरोध दर्ज किया गया। सभी शिक्षकों ने कहा कि पहले उनकी मांगे मानी जाएं। इसके बाद डिजिटल हाजिरी लगवाई जाए। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष रघुराज कुटार, ब्लॉक मंत्री अनुराग यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, अमित सिंह, जैनेंद्र, बालेंद्र कुशवाहा, ताहिर, इमरान, जितेंद्र श्रीवास सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।


झलोखर गांव में ग्राम चौपाल में शिकायतें सुनते बीडीओ व अन्य अधिकारी।

### ग्राम चौपाल में लोगों ने रखीं अहम समस्याएं

कुरारा (हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र के झलोखर व डिमुहा गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र के झलोखर गांव में शुक्रवार को जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में गांव के रामफल ने गांव में सफाई न होने की शिकायत की। जिस पर सफाई कर्मी को मौके पर भेजकर सफाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही फूलारानी ने पीएम आवास न मिलने की शिकायत की। इस पर विभाग द्वारा बताया गया कि साइड ओपन होने पर आवेदन ऑनलाइन किए जाएंगे। क्षेत्र के डिमुहा गांव में राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सरोज ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। शिवकांति ने नल कनेक्शन की शिकायत की। ग्राम चौपाल में बीडीओ बिपिन गुप्ता, मयंक सिंह, आशीष कुमार, प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी, एएनएम, आशा आदि मौजूद रहे।

# पानी के अभाव में धान की रोपाई का काम ठप

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- धान की रोपाई करने वाले किसानों के अरमानों पर फिरा पानी
- निजी नलकूपों को ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित

अमृत विचार। निजी नलकूपों की बोरिंग कराने वाले किसान बिजली के ट्रांसफार्मर मिलने में हो रही देरी से परेशान हैं। परेशान किसानों ने ट्रांसफार्मर जल्द मिलने की आस में धान फसल की रोपाई की तैयारी कर ली है, लेकिन पानी के अभाव में धान की फसल न कर पाने का उन्हें मलाल है।

मुस्करा विकासखंड के ग्राम उमरी में सबसे अधिक धान का उत्पादन किसान कर रहे हैं। खरीफ अभियान में धान का अच्छा उत्पादन होने पर इस बार कई किसानों ने निजी नलकूपों की बोरिंग कराई है। इन किसानों ने बिजली कनेक्शन के लिए पावर कारपोरेशन में स्टीमेट तैयार कराकर धन भी जमा कर दिया है। बिजली कनेक्शन के बाद कारपोरेशन से जाब कार्ड पा चुके किसान बिजली के खंभे, तार सहित अन्य उपकरण पा चुके हैं। उन्होंने लाइनें भी खिंचवा लीं हैं। परंतु महीनों से ट्रांसफार्मर के लिए बिजली विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

किसान जयराम सिंह, चंद्रपाल सिंह, आसाराम, राममिलन, कल्लू यादव, इंदल सैनी सहित अन्य ने बताया कि इसी वर्ष निजी नलकूपों की बोरिंग कराई हैं। परन्तु बिना ट्रांसफार्मर सब बेकार है।

बैठक

7301240 के लक्ष्य पर 7336056 पौधे लगे, डीएम ने 20 तक चलाने के निर्देश दिए

# हमीरपुर में लक्ष्य से ज्यादा रोपे गए पौधे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी न अवगत कराया कि शुक्रवार तक जनपद का लक्ष्य 7301240 के स्थान पर 7336056 कर लिया गया है।

डीएफओ ने बताया कि वन विभाग ने 3693982 व अन्य विभागों ने 3842083 पौधे रोपित किए हैं। वहीं ग्राम्य विकास, नगर पंचायत, कृषि विभाग, सहकारिता, उद्योग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग व गृह विभाग के लक्ष्य संशोधित हुए हैं।



शुक्रवार को जिला पौधरोपण समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

इस बार निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति एक ही दिन में 20 जुलाई को पूर्ण की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधारोपण से संबंधित समस्त कार्यवाही 20 जुलाई तक कर ली जाए। पौधारोपण के बाद पौधों की जीवितता सुनिश्चित की जाए, स्कूली बच्चों को पौधारोपण में शामिल किया जाए। जिन व्यक्तियों को पौधा दिया जाए उनके अंदर पौधों को संरक्षित करने का भाव उत्पन्न करें। एक पेड़ मां के नाम की थीम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। अपने-अपने आवासीय परिसर व कार्यालयों में पौधारोपण कर हरियाली लाएं। वहीं जिला गंगा समिति की समीक्षा में नगर पालिका/पंचायतवार एमआरएफ सेंटर (मटेरियल रीसायकल फैसिलिटी), एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) एवं आईपीएस (इंटरमीडिएट पम्पिंग सेट) की समीक्षा के निर्देश दिए कि अपूर्ण कार्यों को समय से कराना सुनिश्चित करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्राक 433 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 05.07.2024

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल बुधौलियाना-1 वार्ड-16 राठ में स्थित गृह सं0 177 में श्री बाघराज सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह का नाम अंकित है। प्रार्थीगणो श्री श्यामसुन्दर व राजकुमार पुत्रगण बाघराज सिंह ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिवा है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 17.12.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल बुधौलियाना-1 वार्ड-16 में स्थित भवन सं0 177 पर अंकित श्री बाघराज सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह के जुज भाग पर बट्टे में करके श्री श्यामसुन्दर व राजकुमार पुत्र बाघराज सिंह का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ- हमीरपुर

# वृद्ध की हत्या में पिता-पुत्र और नाती को उम्रकैद

## 30 सितंबर 2014 को मझगवां क्षेत्र के उजनेह गांव में हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** करीब साढ़े नौ साल पूर्व अनुसूचित जाति के वृद्ध की लाठी डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं प्रत्येक को 22250 रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि मझगवां थानाक्षेत्र के उजनेह गांव निवासी पीड़ित जयसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 30 सितंबर 2014 को खलिहान के पास गांव में आरसीसी नाली का निर्माण कार्य हो रहा था। नाली बनाने को लेकर पड़ोसी भगवत नारायण खंगार से विवाद हो गया। जिस पर वह व उसके बेटा मंगल सिंह, नाती अनिल कुमार व साहब सिंह अपने लाठी डंडा लेकर आए और उसे व उसके भाई भूपेंद्र व भाई की पत्नी अनीता एवं उसके पिता सरमन लाल को बुरी तरह से लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जानमाल की धमकी देते हुए चले गए।



- विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट ने सुनाया फैसला दोनों पर लगाया अर्थदंड

बताया इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। साथ ही उन्हें भी गंभीर चोट आईं हैं। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बाद में विवेचक ने आरोपी साहब सिंह को क्लीनचिट दे दी और तीन आरोपियों भागवत नारायण, मंगलसिंह व अनिल के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों पिता, पुत्र व नाती को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में पीड़ित पक्ष को दिए जाने का आदेश दिया है।

# संविदा कर्मी की मौत पर पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कुरारा थाना के ग्राम कुशौलीपुरवा निवासी युवती एक माह से अपने भाई को विद्युत करंट लगने से हुई मौत के दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाना के चक्कर लगा रही है। लेकिन मुकामी पुलिस टालमटोल कर रही है। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

कुशौलीपुरवा निवासी पीड़ित वंदना ने आरोप लगाते हुए बताया कि भाई योगेंद्र कुमार उर्फ रिंकू (26) कस्बा कुरारा में विद्युत विभाग में लाइनमैन संविदा कर्मचारी के रूप में करीब 3 से 4 वर्ष से कार्यरत था। बीते 1 जून को सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच काम करने गया था। भाई के साथ लाइनमैन कमलेश पुत्र सुरेश निवासी ग्राम रघवा गया था। कैनाल बड़े देव बाबा मंदिर के पास चुनूबाद धोबी के खेत में काम कर रहा था। इस कैनाल में काम करने के लिए समय लगभग 1:00 बजे शटडाउन लिया हुआ था, लेकिन शटडाउन वापस देने के पहले ही कुछ देर में लाइन चालू कर दी, जिससे योगेंद्र करंट की चपेट में आने से नीचे गिर गया और वहीं पड़ा रहा। अगर समय से विभाग के कर्मचारियों द्वारा अस्पताल ले जाते तो उसे बचाया जा सकता था। 3 घंटे बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। आरोप लगाया कि भाई के मोबाइल से भी छेड़छाड़ की गई। आरोप लगाते हुए बताया कि सब स्टेशन में तैनात एसएसओ व जेई से भाई की कुछ समय पहले कहा सुनी हुई थी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

- परेशान पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

# कर्ज न चुका पाया तो फांसी लगा जान दे दी

**राठ।** मुस्करा थाने के बसवारी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक ने फांसी लगा ली। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बसवारी गांव निवासी प्रेमचंद 35 पुत्र मकरंद ने मानसिक तनाव के चलते अपने मकान के कमरे में गमछा से फांसी लगा ली। परिजनों ने जब युवक को फांसी पर लटकता देखा तो सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि प्रेमचंद खेती किसानी और पशुपालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया कि गांव के लोगों का कुछ कर्ज भी था। कर्ज न चुका पाने की वजह से वह मानसिक रूप से तनाव ग्रस्त रहता था। प्रेमचंद अपने पीछे पत्नी अंजना, मां सुमितरानी के अलावा 6 वर्षीय पुत्र वेदान्श व बड़े भाई चंद्रप्रकाश सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है।

## सार-संक्षेप

### ब्राह्मण सभा ने उठाई कार्रवाई करने की मांग

**हमीरपुर।** फेसबुक पर ब्राह्मण और सवर्ण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा ऐसी टिप्पणियों से समाज के लोगों की भावना आहत हो रही हैं। इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। इसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष आनंद मिश्रा, योगेश तिवारी, मोहित द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, नीरज द्विवेदी, दुर्गेश तिवारी आदि शामिल रहे। ज्ञापन में आरोप लगाया कि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश मंत्री सिद्धगोपाल द्वारा फेसबुक में लिखा गया है कि वह दिन दूर नहीं जिस दिन क्षत्रिय ब्राह्मण और सवर्ण समाज खुद को सवर्ण कहने में शर्म अनुभूति करेंगे। दूसरे कमेंट में लिखा गया कि जल्द ही वह समय आने वाले जब क्षत्रिय ब्राह्मण दौड़ाया जाएगा। उनको भागने की जगह नहीं मिलेगी। इसके साथ एक कमेंट में लिखा कि मैं अच्छे अच्छे क्षत्रिय ब्राह्मण से पैर धुल कर पिलवाता हूं। कहा ऐसे अशोभनीय बयान से हम सबकी भावनाएं आहत हुई हैं।

### भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**मौदहा( हमीरपुर )।** शुक्रवार को कस्बे के नेशनल रोड स्थित जनता गेस्ट हाउस में आयोजित भीम आर्मी की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक करने पहुंचे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह का नगर प्रथम आगमन पर उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का बड़े चौराहा पहुंचने पर भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष संदीप बाल्मीकि ने सैकड़ों समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया। वहीं हैदरगंज में युवा नेता फिरोज़ पठान ने दर्जनों साथियों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। गेस्ट हाउस पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आयोजित सभा को सम्बोधित किया और मंडल के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। हाफिज जाकिर अली, सिकंदर पठान, शहबाज खान, इरफान इंजीनियर, अजहर मोनू, तौहिद, आकाश रावण, अंकित रहे।

### साले-ससुर व पत्नी को पीटा

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** कमल सिंह पुत्र जयराम सिंह निषाद निवासी बम्हरौली घाट थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन शिमला देवी निवासी पत्योरा के फोन पर दी गयी पति गंगा प्रसाद द्वारा गाली गलौज व मारपीट की सूचना पर पिता के साथ पत्योरा गांव अपनी बहन के घर पहुंचा तो बहनोई गंगा प्रसाद पुत्र छब्बा निषाद तथा नीरज कुमार व विजय कुमार पुत्र भूरा निषाद ने मिलकर गाली गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मारपीट मे उसे व पिता तथा बहन के शरीर में चोटें आयी हैं। तीनों घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद तहरीर के आधार पर बहनोई गंगा प्रसाद व नीरज तथा विजय के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### क्लीनिक संचालक ने युवती के साथ की छेड़खानी

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि फतेहपुर जनपद के चांदपुर थानाक्षेत्र के औरा गांव निवासी विजय निषाद गांव में क्लीनिक संचालित करता है। वह पहले उसके घर में ही क्लीनिक चलाता था। जिससे उसके परिवार के सदस्यों से भली भांति परिचित था। आरोप लगाया कि बीते 8 जुलाई को विजय उसकी भतीजी को रात में 11:00 बजे फोन करके पानी लेने के बहाने दरवाजा खुलवा कर घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। भतीजी के शोर मचाने पर भतीजा मौके पर पहुंचा तो युवक जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने चाचा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पत्नी को भगा ले जाने की थाने में तहरीर दी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अक्सर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। उसके बाहर रहने का फायदा उठाकर उसका दूर का रिश्तेदार सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इमलिया गांव निवासी राहुल धुरिया उसके जाने अनजाने में घर आना-जाना करता था। पीड़ित ने बताया कि 3 जुलाई को जब वह अपने घर आया तो उसने देखा कि घर में रखे आभूषणों सहित 20 हजार नगदी घर से गायब थी तथा पत्नी भी घर से नदारद थी। मोहल्ले वासियों से पूछने पर पता चला कि वह किसी युवक के साथ कहीं चली गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### सीमेंट कारोबारी ने जहर खाकर दी जान

**राठ ( हमीरपुर )।** पठानपुरा मोहल्ला निवासी धर्मेंद्र दीक्षित पुत्र गजराज ने शुक्रवार को मानसिक परेशानी के चलते शराब के नशे में धुत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद उसके पुत्र ने उसे आनन फानन में इलाज के सीएचसी में भर्ती कराया। नाजुक होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। उरई मेडिकल कॉलेज ले आते समय रास्ते में धर्मेंद्र की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र अत्यधिक शराब पीने का लती था। कस्बे के अंबेडकर चौराहा में सीमेंट की दुकान संचालित कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी रचना के अलावा पुत्री छवि और पुत्र देवांश को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है।

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, हत्या का आरोप

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पोंगरी गांव निवासी दुर्गा साहू (28) पत्नी नत्थू साहू ने गुरुवार की रात कमरे के अंदर सीलिंग हुक में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। शुक्रवार को सुबह नींद खुलने पर पति ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पति व अन्य परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की भाभी प्रियंका साहू ने बताया कि दुर्गा की शादी लगभग डेढ़ साल पहले हुई थी। दहेज को लेकर आए दिन ससुरालीजनों मारपीट और उत्पीड़न करते थे। घटना से एक दिन पहले भी ससुरालीजनों ने मारपीट की। मृतका के भाई विराज ने आरोप लगाया कि शादी के बाद दो लाख नगद और बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने मारपीट कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। शव को फंदे पर लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर देंगे। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सैनी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

### 15 को बीएसए कार्यालय में शिक्षक करेंगे धरना-प्रदर्शन

**सरीला ( हमीरपुर )।** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक सरीला ब्लाक ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई। पदाधिकारियों ने इसके खिलाफ धरने की चेतावनी दी है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की तरफ से ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध लगातार जारी है। शुक्रवार को विकासखंड के ब्लॉक संसाधन केंद्र में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार प्रजापति ने कहा कि शिक्षकों के विरोध को सरकार ने दरकिनार कर दिया है। नेटवर्क की खराबी और जलभराव के बीच में शिक्षक कैसे अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। संघ जनपद मुख्यालय में 15 जुलाई को धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में मंत्री अमित कुमार, मिथुन भारती, जय हिंद, केशव प्रसाद अनुरागी सहित क्षेत्र के अध्यापकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध कर सहमति पत्र भरे। बैठक में शामिल शिक्षकों ने संगठन के साथ मिलकर मांग पूरी न होने पर बीएसए कार्यालय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## एक नजर

### संविदा कर्मी को युवक ने पीटा

**राठ(हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के मसीदन गांव में युवक ने विद्युत विभाग में तैनात एक संविदा कर्मी युवक के साथ बेवजह गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।जलालपुर थाना एवं जलालपुर गांव के निवासी रासू उर्फ शुभम ने जलालपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह सरीला कस्बे से वापस अपने गांव जलालपुर जा रहा था तभी रास्ते में मसीदन गांव में स्थित एक दुकान के पास मसीदन गांव के ही निवासी युवक धीरू और उसके दो अज्ञात साथियों ने उसे जबरन रोक लिया तथा उसके साथ बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो सभी लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि उसने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप लगाया

**मऊ ( चित्रकूट )।** कटैयाखादर गांव के मजरे शिवजतन का डेरा निवासी कल्लू ने गांव निवासी सुभाष और बच्चा पर उसके साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि वह 10 जुलाई की रात गांव में एक निमंत्रण में गया था। वहां आरोपियों ने पुरानी रंजिश में उसे जान से मारने की कोशिश की। जब उसका भाई बचाने आया तो उसको भी मारा। उसका कहना है कि उसे अंदरूनी चोटें आई हैं। उसने आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार की है।

### फिर हुई सड़क की नापजोख

**सीतापुर ( चित्रकूट )।** तीर्थक्षेत्र के सुंदरीकरण को लेकर मध्य प्रदेश अंतर्गत रजौला से पीलीकोठी सीमा तक राजस्व विभाग एवं नगर परिषद की टीम ने 21 मीटर सड़क के चौड़ीकरण के लिए नापजोख की। हालांकि लोगों का कहना था कि इसके पहले भी कई बार इस तरह की नापजोख की जा चुकी है और लाल निशान लगाए जा चुके हैं। लेकिन कोई भी कार्य नहीं कराया गया। चित्रकूट में सड़कों की हालत बदतर हो गई है और ऐसे में जनाक्रोश भी बढ़ रहा है। हालांकि चर्चा यह भी है कि कुछ व्यवसायी निर्माण कार्य में अड़ंगा भी लगा रहे हैं।

# नशे में कतई न चलाएं वाहन: हरवेंद्र

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार:** ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को रोडवेज चालकों परिचालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस दौरान लोगों को रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक भी किया।

यात्रियों से भरी स्लीपर बस की लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे में उन्नाव के पास हुई घटना में 18 लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन एलर्ट मोड पर है। शुक्रवार की सुबह यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पहुंची। जहां उन्होंने बसों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराया। इसके बाद ट्रैफिक इंचार्ज हरवेंद्र सिंह ने रोडवेज चालकों व परिचालकों को बस स्टॉप के अंदर से ही सवारी भरने व उतारने को निर्देशित किया। साथ ही यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया।



शपथ लेते रोडवेज के चालक। अमृत विचार

- रोडवेज बस के चालकों और परिचालकों को दिलाई यातायात नियमों की शपथ

चालकों को नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, वाहन निर्धारित गति में एवं निर्धारित लेन में ही चलाने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही एंबुलेंस एवं अग्निशमन वाहन को आगे जाने के लिए साइड देने व गलत साइड से ओवरटेक न करने की सलाह दी। इस दौरान एआरएम राम प्रताप साहू, रोडवेज कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष शिवशरण सिंह, अतुल सहित चालक, परिचालक व ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण को घर-घर दस्तक जारी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** संचारी रोग अभियान शासन के निर्देशानुसार क्षेत्र में जोर-शोर से ग्राउंड लेवल कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।

शासन के निर्देश पर संचारी रोग अभियान क्षेत्र में जोर से संचालित किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम करहिया में आंगनबाड़ी एनम आशा ने घर घर जाकर आम जनमानस को रोगों से बचने के उपाय एवं सफाई का विशेष ध्यान रखने के मंत्र बताए। साथ ही घर के आसपास जलभराव न होने, पानी छानकर पीने की सलाह दी। कहा दूषित जल में क्लोरीन की गोलियां डालें जिससे बीमारियों से बचा जा सके। स्वास्थ्य कर्मी एएनएम सावित्री ने बताया कि यह अभियान पूरे जुलाई माह चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसे आंगनबाड़ी एवं आशा के साथ मिलकर घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक रजत रंजन तिवारी ने बताया कि संचारी रोग अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलाने के लिए शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। 11 जुलाई से ग्राम स्तर के कर्मचारियों के सहयोग से घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों को कर रहे हैं जागरूक




स्कूली वाहनों की जांच करते एआरटीओ। अमृत विचार

# एआरटीओ ने स्कूली वाहन जांचे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्कूली बच्चों को सुरक्षित ले जाने के लिए चलाई जा रही स्कूली बसों के फिटनेस का कार्य इस समय परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर शुरू किया गया है। 15 वाहनों में एक अनफिट व तीन के अभिलेख एक्सपायर मिले।

शुक्रवार को मंडी समिति में कस्बे के विभिन्न स्कूलों की 22 बसों की जांच में 15 बसों की फिटनेस व उनके रखरखाव संबंधी जांच पड़ताल एआरटीओ अमिताभ राय ने की। इनमें एक अनफिट तो तीन के पंजीयन आदि अभिलेख एक्सपायर मिले। इतना ही नहीं स्कूली बच्चों को ले जाने के लिए इन गाड़ियों में अग्निशमन यंत्र और मेडिकल किट अधिकांश में नहीं मिले। जिनमें मिले तो वह भी सही सलामत नहीं थे। एआरटीओ ने बताया कि सुमेरपुर में चेकिंग के बाद मौदहा मंडी में वाहनों की जांच पड़ताल की गई। इनमें 22 वाहन देखे गए। इनमें ज्यादातर फिट नजर आए। ताज, ब्राइट इंटरनेशनल, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज आदि के वाहन चेकिंग किए गए। उन्होंने कहा कि शिविर लगाकर स्कूली वाहनों को चेक किया गया। यह अभियान 22 जुलाई तक चलेगा। इसके बाद अवैध चलने वाले वाहनों पर शक्ति से कार्रवाई की जाएगी।

# अपने कार्यकाल में मैंने कभी किसी से नहीं किया भेदभाव: आरके पटेल

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत प्रांगण में भाजपाइयों ने शुक्रवार को मऊ- मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें निवर्तमान सांसद आरके पटेल ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कभी किसी कार्यकर्ता से भेदभाव नहीं किया। पार्टी के लोगों ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को अपना समर्थन दिया, उनका हृदय से अभिनंदन करता हूं।

आरके ने कहा कि मतदाताओं के बल पर ही भारत माता का मस्तक ऊंचा हुआ है। मतदाताओं ने मुझे विधायक मंत्री और सांसद बनाया। हमने जनता के बीच अपनी बात रखने का प्रयास किया लेकिन भ्रामक दुष्प्रचार की वजह से वे समझ नहीं पाए। वह आजीवन भाजपा कार्यकर्ता के रूप में सेवा करेंगे।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यकर्ता सर्वोपरि था सर्वोपरि है सर्वोपरि रहेगा।




लोगों को संबोधित करते आरके पटेल। अमृत विचार

- नगर पंचायत प्रांगण में हुआ मतदाता सम्मान समारोह
- कहा, कार्यकर्ता सर्वोपरि था सर्वोपरि है सर्वोपरि रहेगा

हम चुनाव हारे हैं, हम बाजी नहीं हारे। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने प्रत्येक गांव को विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह, अमित द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, अर्पित जायसवाल, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, अर्जुन शुक्ला, राजाराम पाल, विनीत द्विवेदी, ओमप्रकाश बालाजी, मनीष सिंह, प्रदीप सिंह, मोहनदास मिश्रा, आशीष पांडेय, मुन्ना लाल प्रजापति आदि मौजूद रहे। संचालन मंडल महामंत्री सर्वेश ने किया।

**मोहर्रम का जुलूस** | जगह-जगह लंगर, इमामबाड़ों पर मजलिस, सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त

# अलम जुलूस में गूंजा ...हुसैन तुमको जमाना सलाम करता है

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** मोहर्रम की पांच तारीख को निकलने वाला अलम का जुलूस निर्धारित मार्गों से होता हुआ अपने गंतव्य पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस के दृष्टिगत जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। वहीं आलम जुलूस निकलने के पूर्व इमामबाड़े के पास भारी लंगर का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को नगर के कजियाना स्थित गंदीगर इमामबाड़े से उठने वाला अलम का जुलूस शाम चार बजे अपने गंतव्य स्थान से उठकर निर्धारित मार्ग कजियाना से गदाई होते हुए छोटा अलाव, पुरवा, चौधराना, नरहिया, हुसैनगंज, हैदरगंज, उपरौस, मराठीपुरा से थाना चौराहा होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान जगह-जगह हुसैनी लंगर का आयोजन किया गया।

- जुलूस के दौरान लगते रहे नारे तकबीर अल्लाहो अकबर

जुलूस को देखते हुए उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित कोतवाली प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण करते दिखाई दिए। वहीं अलम जुलूस निकलने के पूर्व इमामबाड़ा के पास छोटे पठान के आवास पर भारी लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें जुलूस में आए श्रद्धालुओं ने लंगर छका। इस दौरान अलम जुलूस के साथ समाजसेवी लाला मास्टर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहे।



अलम का जुलूस निकालते अकीदतमंद। अमृत विचार

### अकीदत के साथ निकाला गया बुर्राख का अलम

**राठ ( हमीरपुर )।** मोहर्रम की पांच तारीख को कस्बे में बड़ी तदाद में बुर्राख और अलम जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान हजारों मुस्लिमों ने शिरकत की। जुलूस में भारी पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को मोहर्रम की पांच तारीख को कसबे के पठनऊ मोहल्ले से करीब 4 बजे इमाम चौक से बुर्राख और अलम का जुलूस उठा। बड़े पुल से होते हुए कस्बे में घूमा। इस दौरान सभी इमाम चौकों पर फातिहा पढ़ी गई। बुर्राख जुलूस में युवक आगे आगे अखाड़ा खेलते हुए अपना मजमा जमाए हुए चल रहे थे। अखाड़े को देख लोगों की भीड़ हो गई और बुर्राख धीरे धीरे अपने इमाम चौकों पर होते हुए आगे बढ़ा। बुर्राख जुलूस में सैकड़ों ढोल मतमी धुनों पर बजते हुए आगे चल रहे थे। बुर्राख जुलूस में जगह जगह लंगर भी लुटाये गए। जुलूस शुरू होते ही पहले इमाम चौकों सजावट की गई थी। बुर्राख और अलम जुलूस पूरे कसबे के इमाम चौकों पर होते हुए देर रात वापस पहुंचा।

# एक्सईएन का एक दिन का रोका वेतन

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत अमचुर नेरुआ के प्राथमिक विद्यालय नेरुआ सोसाइटी में जन चौपाल लगाई। चौपाल में अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

डीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जन चौपाल लगाकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अगर लाभ नहीं मिल रहा है तो संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर आवेदन करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा व तहसीलदार अखिलेश कुमार को निर्देश दिए कि भूमि संबंधी मामलों में सीमांकन कराकर निस्तारण कराया जाए। कन्या सुमंगला योजना के तहत गांव की कन्याओं को अधिक से अधिक लाभ दिया जाए।




अमचुर नेरुआ में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने अमचुर नेरुआ में लगाई जनचौपाल

ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा ने डीएम की जन चौपाल संबंधी पहल का स्वागत किया। उन्होंने बरदहा नदी का पानी को रोके जाने की कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता बताई। मांग की कि जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई गांवों की सड़कों को बनवाया जाए। इस दौरान डीएम ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। विद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण भी किया। जन चौपाल के दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद रहे।


# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक और अधेड़ की हो गई मौत

## जालौन-बंगरा मार्ग पर परवई मोड़ के पास हुआ हादसा, चालक गिरफ्तार, कार जब्त

संवाददाता,जालौन

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने चालक को पकड़ लिया तथा कार को जब्त किया गया।

रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा निवासी दिनेश सोनी (32) पुत्र राजेन्द्र सिंह व लक्ष्मण कुशवाहा (52) पुत्र मूरचरण कुशवाहा शादी विवाह में खाना बनाने का काम करते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे दोनों बाइक से ग्राम हरदोई में आयोजित एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बंगरा मार्ग पर सुढ़ार गांव के आगे सिकरीराजा माइनर के पास पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंच गए। चालक अभिषेक कुमार व कार को कब्जे में ले लिया। वहीं सिर में चोट आने की वजह से दिनेश सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल अवस्था में लक्ष्मण कुशवाहा को पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। जहां पर उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई।



खंती में गिरी कार।

### खंती में गिरी कार, पांच लोग घायल

**जालौन।** बंगरा मार्ग पर छहपुला के पास गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। कार में सवार दंपति समेत पांच लोगों को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन से कार को बाहर निकलवाया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी पवन कुमार दुबे (36) अपनी पत्नी बच्चों के साथ कार से शादी की खरीदारी करने के लिए जालौन आ रहे थे। जैसे ही वह गांव से निकल कर छहपुला के पास पहुंचे। इसी दौरान सड़क पर अचानक से अन्ना मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। जैसे ही कार खंदक में गई वैसे ही परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। जानकारी मिलते ही प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाया। घटना में कार सवारों को मामूली चोटें आईं थी।

## न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**उरई (जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। सुबह 10 बजे से जिले के सभी दीवानी न्यायालयों में लोक अदालत लगेंगी। जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक, दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों, मुकदमा, श्रम वाद, विद्युत एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद के मामले नियत किये जायेंगे। जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने बताया कि इसमें प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल, टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षों के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है।

# 31 विद्यार्थियों का टैलेंट हंट परीक्षा में चयन

संवाददाता,कालपी जालौन

**अमृत विचार।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन के द्वारा आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा का परिणाम घोषित किया है। इसका उद्देश्य कालपी के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करना है।

मालूम हो कि फाउंडेशन के द्वारा बीते 30 जून को टैलेंट हंट परीक्षा ग्रीन वैली इंटर कालेज कालपी में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में पास होने वाले परीक्षार्थियों का साक्षात्कार शिक्षाविदों की मौजूदगी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कोचिंग सेंटर पर लिया गया। परीक्षा में पास होने वाले 40 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए कोचिंग सेंटर पर बुलाया गया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. फरहान दीवान की निगरानी में शाम 4 बजे साक्षात्कार शुरू हुआ। साक्षात्कार लेने वाले शिक्षकों में प्राचार्य महमूद खान, शबाहत हुसैन, आसिफ क़ुरैशी शामिल रहे। साक्षात्कार के दौरान विद्यार्थियों में एक नई उमंग देखी गई, परीक्षार्थियों ने बताया के वह मेहनत से कोचिंग में पढ़ाई करेंगे, जिससे उनका एडमीशन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के आलावा अन्य विश्वविद्यालयों में हो सकें। साक्षात्कार के दौरान फाउंडेशन के सदस्य नूर मोहम्मद अशरफी, निजाम फैज़ी, शमीमुउल हसन, इम्तेयाज़ अली, शाहरुख, फैज अंसारी, मौलाना इमरान, मुकीम आलम और जियाउर्रहमान व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

साक्षात्कार के बाद टैलेंट हंट परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। जिसमें कक्षा 9 के 16 और कक्षा 11 के 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। फाउंडेशन इन 31 विद्यार्थियों को पूर्ण स्कॉलरशिप देगी।



टैलेंट हंट परीक्षा का साक्षात्कार करते फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- 30 जून को हुई थी टैलेंट हंट परीक्षा, कक्षा 9 के 16 और 11 के 15 बच्चे हुए चयनित

## भाविप ने स्थापना दिवस पर लगाए पौधे...



**उरई (जालौन)।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर नाना महाराज की बगिया बिरिया खेरा पर भाविप मुख्य शाखा जालौन द्वारा एक पेड़ मां के नाम की थीम पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान फलदार व पुष्पों के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर भाविप मुख्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि पौधरोपण बहुत आवश्यक है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते है और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। सचिव डॉ. बृजेन्द्र दुबे व वित्त सचिव सुशील बाजपई ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का शृंगार हैं। मीडिया प्रभारी त्रिलोकी नाथ गुप्ता ने कहा कि धरती को हम सभी मां मानते हैं। इसकी सेवा मां के समान करें। धरती को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक हैं। इस मौके पर धर्मेन्द्र मिश्रा बालजी गुर्जर राजू पुरवार श्रीगोविन्द स्वर्णकार शैलेन्द्र चंसौलिया दिनेश यादव आदि मौजूद रहे। • अमृत विचार

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

**जालौन।** पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने शुक्रवार को उरई शहर के मुख्य मार्गों में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर शहर वासियों को सुरक्षा का एहसास कराया। आगामी मुस्लिम त्योहार मुहर्रम के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने पैदल मार्च कर गड़बड़ी करने वालो को।साफ संदेश दिया कि अगर किसी भी त्योहार में किसी ने समाज का अमन चैन में खलल डालने की कोशिश की तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी, महार्रम के दृष्टिगत सुरक्षा, शान्ति-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, क्षेत्राधिकारी नगर एवं कोतवाली उरई पुलिस बल के साथ नगर उरई के मुख्य मार्गों,भीड़भाड़ वाले आदि स्थानों पर पैदल गस्त की।

# 2 दर्जन से ज्यादा वाहनों के चालान काटे

कार्यालय संवाददाता उरई

- उरई में यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान
- नाबालिग वाहन चालकों को रोक कर अभिभावकों को दी चेतावनी

**अमृत विचार।** जालौन पुलिस द्वारा स्कूली वाहनों की तथा अवयस्क बच्चों द्वारा वाहन चलाने के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को उरई शहर में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बालकों को वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया तथा उनके अभिभावकों से संपर्क कर संबंधित अभिभावक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की जानकारी दी गई। बच्चों को वाहन देने वाले वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई के साथ वाहन का एक साल के लिए पंजीकरण रद्द करने की भी जानकारी दी गई, एवं बिना सीटबेल्ट, हेलमेट, बाइक पर 3 सवारी, वाहनों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध दो दर्जन से अधिक के खिलाफ कार्रवाई कर चालान काटे गए। इसके अलावा स्कूलों वाहनों की फिटनेस, बीमा, राजिस्ट्रेशन आदि अभिलेखों की तथा वाहन की निर्धारित यात्री क्षमता का निरीक्षण किया गया, जिससे स्कूली बच्चों को अधिक संख्या में बैठाने वाले वाहनों के स्वामियों में खलबली मच गई, और अभिलेखों की विधिवत जांच से अवांछनीय वाहन चालकों में भगदड़ मच गई। दर्जनों वाहन चालक पुलिस की चेकिंग देख वापस घर लौट गए। इस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक भी किया।



अभियान के दौरान नाबालिग से पूछताछ करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का मामला दर्ज

**उरई (जालौन)।** युवती से छेड़खानी का मामला कोर्ट की दखल के बाद दर्ज किया गया। थाना सिरसा कलार निवासी एक युवक ने कोर्ट में वाद दायर कर बताया कि 21 मई 2024 उसकी भतीजी घर पर अकेली थी तभी गांव के ही शिवसिंह ने घर में घुसकर उसकी भतीजी के साथ छेड़खानी की। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की।

पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कोई कार्रवाई नहीं तो पीड़ित ने कोर्ट में वाद दायर किया। शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।



ज्ञापन सौंपने जाते बहुजन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

# कलेक्ट्रेट पहुंच कर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** बहुजन मुक्ति मोर्चा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर पेपर लीक मामले में आक्रोश व्यक्त किया। बहुजन मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता राम बाबू चौधरी की अगुवाई दर्जनों महिला व पुरुष कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर केंद्र तथा प्रदेश सरकार पर युवाओं को रोजगार मुहैया कराने वाली अधिकांस परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राम बाबू चौधरी, बकरीदान, गुड्डन खा, सुमित्रा, शांति, राहुल, राकेश, समेत दर्जनों महिला, पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पुलिस ने खोया पर्स खोज कर लौटाया

**उरई (जालौन)।** पुलिस ने एक महिला का खोया पर्स कुछ ही देर में खोज कर उसे लौटा दिया, जिससे पीड़िता के चेहरे पर खुशी झलक उठी। ग्राम महतबानी रेंढर निवासी उदयभान अपनी पत्नी पूनम तथा दो बच्चों के साथ गुरुवार को झांसी के टहरोली से अपने गांव मोटरसाइकिल से आ रहा था तभी उसने देवनगर चौराहे के पास एक छोले भटूरे की दुकान पर खड़े होकर नाश्ता किया। इसी बीच उसकी पत्नी पूनम को ध्यान नहीं रहा और वह अपना पर्स कहीं गिरा कर जालौन से अपनी बहन के यहां चला गया। बैग गिर जाने की जानकारी होने पर पुलिस को बताया। सूचना पर महिला सिपाही कश्मीरा व अन्य ने बैग को खोज निकाला, जिसमें दो जोड़ी बिछिया एक हाय तथा एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी तोडिया तथा कुछ नकदी था।

# दुकान का ताला तोड़ कर सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कोंच के हनुमान गढ़ी मंदिर के पास से एक परचून की दुकान से हजारों रुपये की चोरी हो गई। दुकानदार ने बताया कि हालही में दुकान रखी गई थी।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला शांतिनगर निवासी कृष्णा ने कोंच बस स्टैंड पुलिस चौकी क्षेत्र के हनुमान गढ़ी मंदिर के पास कुछ दिन पहले ही परचून की दुकान खोली थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसके अंदर रखा हजारों रुपये का सामान और नकदी चोरी कर लिया। पुलिस की शिथिलता के चलते क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं यही कारण है कि चोर इस क्षेत्र में पहले भी कई दुकानों को अपना निशाना बना चुके हैं। फिर भी पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।



चोरी के बाद खाली पड़ी दुकान दिखाता दुकानदार। अमृत विचार

### पशुशाला से 10 बकरियां चोरी

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने पशुशाला से 10 बकरियां चोरी कर ली। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस में दी। ग्राम लहचूरा निवासी रामसिया पांचाल ने पुलिस में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 10 बकरियां पशु शाला में बंधी हुई थी, बीते रात्रि में अज्ञात चोर उसकी 10 बकरियां चोरी करके भाग गए, जब सुबह उसने बाड़े में जाकर देखा तो बकरियां गायब थीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने घायल दंपति को अस्पताल भेजा, मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर कुत्ते का उपचार करवाया

**कालपी, जालौन।** जिलाधिकारी जालौन डॉ. राजेश कुमार पांडेय का मानवीय चेहरा सामने आया है। जिलाधिकारी जालौन तहसील का निरीक्षण करने के बाद वापस जब उरई की ओर आ रहे थे तभी अचानक रास्ते में कुत्ते से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल हो गए और कुत्ता भी घायल हो गया। जिलाधिकारी ने अपना काफिला रोककर घायलों का हालचाल जानने गाड़ी से उतरकर मौके पर पहुंचे, घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं हादसे में घायल हुए कुत्ते को भी दुलारा और तत्काल पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर कुत्ते का इलाज करवाया।



कुत्ते को देखते जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार पांडेय।

किया जागरूक

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उपनिदेशक ने उद्यमियों के साथ की बैठक

# पंजीकृत इकाइयों को आयोग 1 करोड़ रुपये तक देता है ऋण

संवाददाता,कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी की औद्योगिक इकाइयों के द्वारा उत्पादित हाथ कागज को देश शासकीय एवं अद्धशासकीय कार्यालयों में आपूर्ति करने की पहल तेज हो गई है। इसके लिए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उपनिदेशक राममोहन गुप्ता ने उद्यमियों के साथ बैठक करके योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पंजीकरण करने के लिए जागरूक किया।

इंडस्ट्रियल एरिया कालपी में उप्र हाथ कागज उद्योग निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोंद्योग आयोग के उपनिदेशक राममोहन गुप्ता ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों का आयोग में पंजीकरण कराने के लिए आनलाइन आवेदन की सरल व्यवस्था हैं। उन्होंने बताया कि आयोग में पंजीकरण हो जाने के बाद कई प्रकार की शासकीय सुविधा प्राप्त होने लगेगी। उन्होंने कहा कि पंजीकृत इकाइयों को सरकारी कार्यालय में सप्लाई के साथ-साथ आयोग से 50 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये ऋण की भी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा या अन्य प्रोजेक्ट में ग्रामीण क्षेत्र में 35 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में 25 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है।

उन्होंने इकाइयों का पंजीकरण कराकर आयोग से शासकीय योजनाओं का लाभ बताकर जागरूक किया। इस मौके पर पिंकू शर्मा, हाजी सलीम खान, विनीत गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, कुलदीप शुक्ला सहित उद्यमी मौजूद रहे।



उद्यमियों को जानकारी देते खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उपनिदेशक राममोहन गुप्ता।

- औद्योगिक इकाइयों का पंजीकरण कराने के लिए करें आनलाइन आवेदन

# भ्रामक खबरें फैला कर विरोधियों ने जीत दर्ज की

संवाददाता,कुठौंद (जालौन)

**अमृत विचार।** प्रदेश में भाजपा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मतदाता अभिनंदन अभियान के तहत कुठौंद में लक्ष्मी गार्डन गेस्ट हाऊस कालपी विधानसभा के कुठौंद मण्डल के साथ कालपी मण्डल, महेवा मण्डल, बाबई मण्डल, इटौरा मण्डल, कदौरा मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ पदाधिकारी की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उर्वाजा दीक्षित ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में पर्यापत वोट मिले हैं मात्र 50 हजार वोटों से हार हुई, जिसमें कई प्रमुख कारण हैं। विरोधियों द्वारा भ्रामक खबरें फैलाई गई आरक्षण हटा दिया जाएगा, संविधान बदल दिया जायेगा। इससे बसपा का कोर वोटर भ्रमित हो गया लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं ने मेहनत की आगे इसी मेहनत की दम पर 2027 में भाजपा फिर से सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा लकी त्रिपाठी, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर जिला पंचायत सदस्य हरेन्द्र, विक्रम, छुन्ना सिंह सेंगर, कैलाश स्वरूप बाजपेई, रामू दुबे जिला पंचायत सदस्य रुद्र प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष विवेक कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन आज से

**जालौन।** लाक्षाकार लखेरा समाज युवा विकास समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय अखिल भारतीय सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन शनिवार से शुरू होगा। कार्यक्रम स्थानीय स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज परिसर में होगा। समिति के अध्यक्ष बृजेश लाक्षाकार, महामंत्री रामजी व मीडिया प्रभारी अखिलेश लाक्षाकार टल्लू ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में 15 जोड़ों का विवाह होगा। इसके साथ ही परिचय सम्मेलन भी होगा। 13 जुलाई को सुबह 10 बजे से शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। कार्यक्रम का समापन 15 जुलाई सोमवार को विदाई व प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ होगा। बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां शुक्रवार को पूरी कर ली गई है। ताकि तय समय पर कार्यक्रम शुरू हो सके।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
**मोहम्मद अली नजीर फातिमा पीजी कॉलेज गौरीखालसा मुसलमानावाद हरदोई**
में स्नातकोत्तर स्तर पर एम .एस .सी में जन्तुविज्ञान वनस्पति विज्ञान भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में दो–दो प्रवक्ताओं की।
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होगा।
**मो0–9695400001,991942439**

**सूचना**
सूचित है कि मेरा इंटरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाण पत्र रोल नंबर 0542700 वर्ष 2003 वास्तव में खो गया है। **–देवेश कुमार सिंह पुत्र उदय नारायण सिंह निवासी हुजूरपुर बहराइच**

**PLOT FOR SALE:**
Village teephar district barabanki on lko. Deva Sharif road. on guari crossing.left side road about 1.3 km new Govardhan city.4000sq.ft. plot. three sides proposed road. dhara143pass residential mutation done.This village (teephar) is included state capital region(SCR)
**Contact on 9415522420**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी निवासी– ग्राम रामनगर तरहर, परगना–तहसील व जिला गोंडा का हूं। मेरा नाम पासपोर्ट में सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी था।जो अब बदलकर सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी कर लिया गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी को गलत व अवैध समझा जाए। **– सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी, निवासी– ग्राम रामनगर तरहर परगना तहसील व जिला– गोंडा**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड एवं समस्त कागजात में मेरा नाम DILIP KUMAR YADAV है ।पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से DILEEP KUMAR YADAV अंकित है। जिसको सही कर DILIP कर देना न्यायोचित होगा। **–दिलीप कुमार यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव, ग्राम शंकरपुर, पोस्ट पखरौली कोतवाली देहात।, सुल्तानपुर (उ0प्र0)**

